तापमान

अधिकतम 33 .2 डिग्री

न्यूनतम 26 .6 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार,7 जुलाई 2024



10 हल्की सी बरसात से फिर रिहायशी कॉलोनियों...





10 स्कूली छात्रों को सेना अधिकारी ने नशे के खिलाफ किया सचेत




## खबर संक्षेप

### दो चोरों को यूपी से लाई पानीपत पुलिस

**पानीपत।** थाना चांदनी पुलिस की टीम यूपी की बिजनौर जेल में बंद बाइक चोर गिरोह के दो आरोपियों सोमपाल निवासी अहमदगढ़ व बिंटू निवासी टंडेरा शामली यूपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पानीपत लाई। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश शर्मा ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने 15 मई को हुडा सेक्टर 25 में अमित ढाबा के बाहर से एक स्पलेंडर बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

### रिफाइनरी ने स्वच्छता अभियान चलाया

**पानीपत।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की टीम सीएसआर ने सिविल अस्पताल पानीपत के सिविल सर्जन डॉ. जयंत अहूजा के साथ मिल कर स्वच्छता अभियान का आयोजन सिविल अस्पताल पानीपत में किया।

### नग्न वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ठगे 90 हजार

**यमुनानगर।** गांव हरनौली निवासी विक्रम से नग्न अवस्था में बनाई गई वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 90 हजार रुपये ठग लिए गए। जब उसे ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद गांव हरनौली निवासी विक्रम की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

# फरीदाबाद और गुरुग्राम में कचरे से तैयार किया जाएगा कोयलाः मनोहर

## केन्द्रीय उर्जा मंत्री ने करनाल लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में जनसंवाद कार्यक्रम में सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केन्द्रीय उर्जा, आवास और शहरी विकास मंत्री भारत सरकार एवं करनाल लोकसभा के सांसद मनोहर लाल ने कहा कि सरकार की तरफ से फरीदाबाद और गुरूग्राम में कचरे से कोयला बनाने का प्रोजेक्ट लगाया जाएगा। यह प्रोजेक्ट एनटीपीसी की तरफ से लगाया जाएगा। इसके लिए जल्द ही प्रदेश सरकार के साथ एमओयू किया जाएगा।

■ केन्द्रीय मंत्री ने लगभग 200 लोगों की समस्याओं को सुना

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल शनिवार को करनाल लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में नया दायित्व मिलने के बाद पहले जनसंवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस जनसंवाद कार्यक्रम में केन्द्रीय उर्जा मंत्री मनोहर लाल ने लगभग 200 लोगों की 20 से ज्यादा विभागों की समस्याओं को सुना और कई शिकायतों का समाधान स्थानीय स्तर पर किया गया तथा कुछ समस्याओं का समाधान प्रदेश सरकार के माध्यम से किया जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री ने लगभग दो घंटे लोगों के बीच बिताए और सभी की एक-एक समस्या को गंभीरता के साथ सुना और उनका समाधान करने के लिए उपायुक्त उत्तम सिंह तथा पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सभी अधिकारियों को आदेश भी दिए गए कि लोगों की समस्याओं को गंभीरता और प्राथमिकता के आधार पर सुनने के बाद मौके पर समाधान किया जाए। इस मामले में लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। अगर किसी स्तर पर कमी पाई गई तो संबंधित अधिकारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

इस मौके पर घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क, पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के ओएसडी संजय बठला, एसडीएम अनुभव मेहता, नगराधीश शुभम, दर्शन सिंह सहगल, मीना चौहान, युद्धवीर सैनी, भूपेन्द्र नोतना, राजेश अग्गी, सुखविन्द्र सिंह आदि अधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।



केन्द्रीय उर्जा, आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल करनाल लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पहले जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

### देशभर में स्वच्छता पर विशेष फोकस रखा जाएगा

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अब करनाल लोकसभा क्षेत्र की सभी 9 विधानसभाओं में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन करके लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देशभर में स्वच्छता पर विशेष फोकस रखा जाएगा और शहरी क्षेत्र में कचरा प्रबंधन को लेकर योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाएगा। ।केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में विधानसभा चुनाव आने वाले है। इन विधानसभा चुनावों के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है और एक-एक कार्यकर्ता पूरे जोर उत्साह के साथ सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस प्रदेश में भाजपा फिर से अपनी सरकार बनाएंगी। भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने मेहमानों का स्वागत किया। इस जनसंवाद कार्यक्रम का संचालन उपायुक्त उत्तम सिंह ने किया। जन संवाद कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के समक्ष प्रधानमंत्री कार्यालय, गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय से संबंधित अपना कार्य करवाने की फरियाद लोगों ने रखी। इन विभागों से संबंधित एक -एक पत्र केन्द्रीय मंत्री को जनसंवाद कार्यक्रम में सौंपा है।

### मंच से नीचे उतरकर पहुंचे आमजन के पास

जब केन्द्रीय उर्जा मंत्री मनोहर लाल आमजन की समस्या सुनने के लिए मंच से नीचे उतरे और लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना। केन्द्रीय मंत्री को अपने बीच पाकर लोगों का उत्साह बढ़ गया। इस दौरान लोगों ने खुलकर अपने मन की बात को केन्द्रीय मंत्री के साथ सांझा किया।

केन्द्रीय मंत्री ने लगभग 200 लोगों की समस्याओं को सुना

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में नये दायित्व के साथ पहले जन संवाद कार्यक्रम में लगभग 200 लोगों की शिकायतों को सुना। इनमें से 81 लोगों ने अपनी समस्याओं का पंजीकरण करवाया। इसमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय से संबंधित 19, आई जी ऑफिस से संबंधित 1, सीएमसी करनाल विभाग की 5, डीडीपीओ विभाग की 9, निदेशक एचकेआरएन की 3, बिजली विभाग की 6, लोक निर्माण विभाग, एडीसी कार्यालय, शिक्षा विभाग, डीडीपीओ कार्यालय, एसडीएम करनाल, डीसीडब्ल्यूओ, उर्जा विभाग, डीटीपी से संबंधित एक-एक शिकायत, उपायुक्त कार्यालय की 3, सिंचाई विभाग की 3, एचएसवीपी की 6, जिला राजस्व विभाग की 3, स्वास्थ्य विभाग की 2, नगर निकाय की 2 सहित अन्य विभागों की शिकायतें शामिल है।

# छीनाझपटी के आरोपियों को दो साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश आशु कुमार जैन की अदालत ने छीनाझपटी के आरोपी संजय निवासी अरनैचा जिला कुरुक्षेत्र को 2 साल कठोर कारावास व 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई तथा आरोपी शुभम निवासी पुराना बाजार पिहोवा को 5 वर्ष कठोर कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जिला न्यायवादी मनोज कुमार त्यागी ने बताया कि 22 मई 2020 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में पेहवा वासी महिला ने बताया कि 22 मई को वह अपने बच्चो के साथ घर जा रही थी। समय करीब 2.50 बजे एक मोटरसाइकिल पर पीछे से दो नौजवान लडक़े आए और उसके गले से सोने की चैन, हाथ से मोबाइल फोन छीनकर भाग गये। जिसकी शिकायत पर थाना पेहवा में मामला दर्ज करके जांच सहायक उप निरीक्षक गुरदेव सिंह को दी गई। जांच के दौरान आरोपी संजय व शुभम को मामले में गिरफ्तार कर लिया था।

■ जुर्माना न भरने की सूरत में 4 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी

आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। जांच पूरी होने पर मामले का चालान न्यायालय में दिया गया था। गत दिवस मामले की नियमित सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशु कुमार जैन की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर छीनाझपटी के आरोपियों को आईपीसी की धारा 411 के तहत 2 वर्ष कठोर कारावास व 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न भरने की सूरत में 1 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

शुभम उर्फ चूचा को आईपीसी की धारा 379-ए के तहत 5 वर्ष कठोर कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न भरने की सूरत में 4 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### बंदी पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों को सजा

**कुरुक्षेत्र।** जिला के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र आशु कुमार जैन की अदालत ने जेल में बंदी पर जानलेवा हमला करने के आरोपी साहिल, गोबिंद, रोबिन, सौरभ शर्मा, राहुल व गोबिंद को 5/5 साल कारावास व 5/5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जानकारी देते हुए उप जिला न्यायवादी मनोज त्यागी ने बताया कि 15 अक्टूबर 2021 को थाना शहर पुलिस को दिए अपने बयान में संदीप निवासी ढाहोड जिला मुज्जफरनगर यूपी ने बताया कि वह तथा उसके चाचा का लड़का राजू उर्फ संजय मर्डर मामले में जिला जेल कुरुक्षेत्र में बंद हैं। राजू उर्फ संजय व राहुल जेल में ही नाई की दुकान पर बाल कटवाने गया था। बाल कटवाकर बाहर निकला तो जेल में बंदी साहिल सैनी, राहुल, राहुल, अजीत, राबिन उर्फ नितिन, सोरभ, प्रवीन, गोबन्दि व गोबन्दि ने उसे एकदम घेरकर उसके ऊपर कटन हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। शोर सुनकर जेल प्रशासन के कर्मचारियों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौका से चले गए।

# विदेशी छात्रों ने पुलिस फोरेंसिक साइंस का ज्ञान लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

न्यू कोलंबो योजना के तहत ऑस्ट्रेलिया की मर्डोक यूनिवर्सिटी के फोरेंसिक साइंस विभाग से दस सदस्यीय विद्यार्थियों के दल ने शुक्रवार को पानीपत पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत से उनके कार्यालय में मिलकर भारतीय पुलिस की कार्यप्रणाली को समझा। यह दल दस दिनों तक गीता यूनिवर्सिटी में फोरेंसिक साइंस की बारिकियों को सिखने के लिए आया हुआ है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा उनके स्नातक छात्रों को भारत भेज कर यहां की शिक्षा पद्धति व संस्कृति के विषय में शोध के लिए प्रोत्साहित करना है। इधर, पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे ऑस्ट्रेलिया के छात्रों को पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने भारतीय पुलिस की अपराधिक जांच प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि जांच के दौरान फोरेंसिक एक्सपर्ट की अहम भूमिका होती हैं। फोरेंसिक साइंस अपराध करने वाले को अंजाम तक पहुंचती है। इस दौरान उन्होंने फिंगर प्रिंट जांच, डीएन फोरेंसिक इत्यादी के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी। वहीं एसपी शेखावत ने इसके साथ ही पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण केसों को फोरेंसिक साइंस की मदद से सुलझाने में जो सफलता मिली है उनके बारे में विस्तार से जानकारी देकर महत्वपूर्ण बिंदूओं बारे बताया गया। साथ ही तीन नए आपराधिक कानूनों में फोरेंसिक साइंस को जो प्राथमिकता दी गई है उसके बारे में बताया कि किसी भी मामले में अगर सजा का प्रावधान सात साल या इससे ज्यादा है तो नए कानून के तहत फोरेंसिक साइंस की टीम का घटना स्थल पर जाना अनिवार्य है। एसपी शेखावत ने डेलिगेशन की सराहना करते हुए कहा कि ऐकेडमी, यूनिवर्सिटीज के छात्रों के भ्रमण से पुलिस व विद्यार्थियों को एक दूसरे देश में की जाने वाली कार्यप्रणाली के बारे में काफी जानकारी मिलेगी। दोनों को और बेहतर सिखने व करने का मौका मिलेगा। मौके पर ऑस्ट्रेलियाइ दल के साथ पहुंची प्रो. डॉ पोला ए मगनी आदि भी उपस्थित रहे।

■ पानीपत के कप्तान ने ऑस्ट्रेलियाई विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी दी



पानीपत के पुलिस कप्तान अजीत शेखावत के साथ ऑस्ट्रेलिया से आए विद्यार्थी।

### श्रीमद्भागवत गीता में अब इग्नू करवाएगा एमए की डिग्री

**करनाल।** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ धर्म पाल बताया की इग्नू ने श्रीमद्भागवत गीता में एमए डिग्री प्रोग्राम शुरू किया है यह ओडीएल मोड में जुलाई 2024 से उपलब्ध है। अब इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी से छात्र श्रीमद्भागवत गीता का ज्ञान ले सकेंगे.इग्नू ने हाल ही में श्रीमद्भागवत गीता को लेकर एमए डिग्री प्रोग्राम शुरू किया है। ये कोर्स ओडीएल मोड में जुलाई 2024 सेशन से ही संचालित होगा।

# पुलिस टीम ने 5 बच्चों को किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पुलिस द्वारा जूलाई माह में गुमशुदा बच्चों व व्यक्तियों की तलाश के लिए एक महीने का स्पेशल अभियान ऑप्रेशन स्माईल चलाया जा रहा है। कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा आप्रेशन स्माईल के लिए गठित टीम ने कारवाई करते हुए शहर केयूके एरिया में भीख मांग रहे 5 बच्चों को रेस्क्यू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 5 जुलाई को ऑप्रेशन स्माईल टीम प्रभारी उप निरीक्षक जगमनद्रि सिहं के नेतृत्व मे टीम ने शहर केयूके एरिया मे भीख मांग रहे 5 बच्चों को रैस्क्यू किया है। सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति के सम्मुख पेश करके काउंसलिंग करवाई गई। बच्चों के परिवार को ढूंढकर उनकी भी काउंसलिंग करवाई गई तथा सभी बच्चों को उनके माता-पिता के हवाले किया गया।



कुरुक्षेत्र। रेस्क्यू किए गए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# वेब वर्ल्ड रिकार्ड से नवाजी गईं नृत्यांगना डॉ. सुरभि

## शास्त्रीय और लोकनृत्य क्षेत्र में 418 उपलब्धियां हासिल करने पर हुआ नाम दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मात्र 3 वर्ष की उम्र में नृत्य से प्यार हो गया और 30 वर्ष की उम्र तक आते-आते अनेकों अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त कर लिए। बात कर रहे हैं कुरुक्षेत्र निवासी सुरभि काठपाल की। सुरभि काठपाल का नाम शास्त्रीय और लोकनृत्य क्षेत्र में 418 उपलब्धियां हासिल करने पर वेब वल्ड रिकार्ड में दर्ज हुआ है। जैसे ही सुरभि के पास वेब वल्ड रिकॉर्ड की तरफ से ट्रॉफी, सर्टिफिकेट व मेडल पहुंचा तो फूली न समाई। सुरभि काठपाल 2019 में थाईलैंड में हुई प्रतियागिता में प्रथम ईनाम जीत चुकी हैं। वहीं इनके नाम अब तक 9 अंतरराष्ट्रीय अवार्ड व 70 राष्ट्रीय के अलावा मैजिक बुक ऑफ रिकार्ड में भी सुरभि का नाम दर्ज है। इतना ही नही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संगीत विभाग में पढ़ाई करने के दौरान गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी इनकी टीम का नाम दर्ज हो चुका है।



कुरुक्षेत्र। नृत्यांगना सुरभि काठपाल ट्राफी, मेडल व सर्टिफिकेट के साथ।

### तीन इंटरव्यू पास कर हुआ नाम दर्ज

सुरभि काठपाल बताती हैं कि शुक्रवार देर सायं उन्हे वेब वल्ड रिकॉर्ड की तरफ से पार्सल प्राप्त हुआ जिसमें एक चमचमाती ट्राफी के अलावा एक मेडल व सर्टिफिकेट है। उन्होने बताया कि जून माह में नोमिनेशन हुआ था, उसने इसके लिए वेबसाईट पर फार्म भरा। इस समय काल के दौरान तीन बार उसका इंटरव्यू लिया गया व पूरी जांच पडताल के बाद 21 जून को वेब वल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज हुआ व 5 जुलाई को उसको ट्राफी व अन्य सामान प्राप्त हुआ।




## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए रक्तदान जरूरी

**घरौंडा।** भारत विकास परिषद्, शाखा घरौंडा द्वारा परिषद् स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर रेलवे रोड अग्रवाल धर्मशाला में 7 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे लगाया जायेगा। । परिषद के सदस्यों से निवेदन है की इस रक्तदान शिविर की सूचना आपने आस पास के लोगो तक पहुंचाए और उन्हे रक्तदान करने के लिए प्रेरित करे और निर्धारित समय व स्थान पर पहुंचकर इस रक्त दान शिविर में रक्तदान करे व कार्यक्रम को सफल बनाएं। आपके द्वारा दिया गया रक्त किसी की जिंदगी को बचा सकता है।स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिये रक्तदान जरूरी है।

### पौधा एक जीवन अनेक अभियान किया शुरू

**इंद्री।** हरियाली युवा संगठन द्वारा हर साल की भांति इस साल भी पौधा एक जीवन अनेक अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती के अवसर पर गांव जोहड़ माजरा के सरकारी स्कूल से शुरू किया गया । जिसमें स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया । संगठन के पदाधिकारी रवि कुमार और महिला विंग अध्यक्ष राज्य युवा अवार्डी नीरू देवी ने बताया कि हरियाली युवा संगठन की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाएगा।

### करनाल की जनता ने भाजपा में जताया विश्वास

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने शनिवार को धन्यवाद दौरा किया और करनाल की जनता और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। सुमन सैनी ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद का परिणाम है कि भाजपा ने एक बड़ी जीत हासिल की है। सुमन सैनी शनिवार को चांद सराय में धानक चौपाल, सेक्टर-4 में गुर्जर धर्मशाला, उत्तम नगर की गली नंबर-3, विकास नगर गली नंबर-6, नरसी विलेज में श्री गणेश मंदिर में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान सुमन सैनी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया और करनाल से दो कमल के फूल खिलाने के लिए आभार जताया।

### पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**घरौंडा।** श्री रामलीला कमेटी घरौंडा व युवा सेवा संगठन के द्वारा 'वृक्षारोपण अभियान 2024' के तहत आज अनूप गुप्ता के पेट्रोल पंप पर 50 पौधे लगाए गए, उनके द्वारा लगाए हुए सभी पौधों की रखरखाव की जिम्मेवारी ली गई 1 मॉनसून के इस मौसम में दोनों संस्थाओं द्वारा पौधारोपण का यह कार्य किया जाएगा जिसमें ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने का हमारा लक्ष्य रहेगा1 आप सभी से भी अनुरोध है कि आप भी हमारे साथ जुड़कर अपने आसपास पौधारोपण कर पर्यावरण सेवा का यह कार्य करे।

### भंडारे के लिए सेवादारों का पांचवां जत्था रवाना

**तरावड़ी।** ओम शिव शंकर सेवा मंडल की ओर से श्री अमरनाथ का जम्मू कश्मीर में 28 वां विशाल भंडारे के लिए आज मंडल कार्यालय से 10 सेवादारों के पांचवे जत्थे को मंडल पदाधिकारियों ने रवाना किया। बता दे कि 29 जून अमरनाथ जी की यात्रा शुरू हो चुकी है। यह सेवादारों जत्था भंडारा समापन होने तक वहां रहकर श्रद्धालुओं की सेवा करेंगा।

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को बताईं समस्याएं

**तरावड़ी।** कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मिल कर जिला बार एसोशिएशन के पद्दाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेट कर उन्हें मंत्रीपद की बधाई दी व जिला बार एसोशिएशन के कोषाध्यक्ष मनोज गांधी ने बताया कि कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर को करनाल बार की बिजली बिल व अन्य समस्यायों के बारे में अवगत करवाया व मंत्री जी ने जल्द बिजली बिलों व बिजली की हो रही सभी समस्या का निवारण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला बार एसोशिएशन करनाल के प्रधान संदीप चौधरी, बार एसोशिएशन के उपप्रधान गोपाल चौहान आदि मिले।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने पदाधिकारियों की ली बैठक

# कार्यकर्ताओं की समस्यायों को प्राथमिकता से लें: मनोहर





भाजपा जिला कार्यालय करण कमल में करनाल विधानसभा के सभी शक्ति केंद्र प्रमुख और शक्ति केंद्र के पालक हुए सम्मलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आज भाजपा जिला कार्यालय करण कमल में करनाल विधानसभा के सभी शक्ति केंद्र प्रमुख और शक्ति केंद्र के पालकों के साथ केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बैठक ली ।

इस मौके पर उनके साथ विशेष रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा के अतिरिक्त निवर्तमान मेयर रेणु बाला गुप्ता, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मेहता मौजूद रहे।

बैठक में कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याओं से अवगत करवाया जिसके बारे प्राथमिकता से सभी समस्याओं का समाधान करवाने का उन्होंने आश्वासन दिया।

इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बताया कि हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र में एक बहुत ही बड़े विभाग की उनको ज़िम्मेदारी दी है मगर उसके बावजूद उनका जुड़ाव कार्यकर्ताओं से पहले की तरह ही मजबूत रहेगा और वह समय समय पर अपने लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की समाधान पर नियमित रूप से समय समय पर अपने लोकसभा क्षेत्र में आते रहेंगे।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष जगमोहन आनंद, वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण कपूर, भगवान दास अघी,चेयरपर्सन निर्मला बैरागी,जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, महामंत्री सुनील गोयल,जयभगवान सीकरी, मेघा भंडारी, रजनी प्रोचा, मेहरसिंह कलामपुरा,दर्शन सिंह सहगल, उमेश चानना, सुमित नरवाल, जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार सहित सभी शक्ति केंद्र पालक एवं प्रमुखों सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत बन रहा विश्वगुरुः सुरेन्द्र नागर

**करनाल।** भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में सांसद एवं भाजपा प्रदेश सहप्रभारी सुरेंद्र नागर ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली,जिसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट वेद पाल भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मेहता,पूर्व विधायक भगवान दास कबीर पंथी,स बख्शीश सिंह,जिले राम शर्मा, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल मौजूद रहे।

इस अवसर पर उन्होंने मौके पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से उनकी समस्याओं की जानकारी लेते हुए उनसे आगामी चुनावों के मध्यनजर पार्टी की मजबूती हेतु सुझाव मांगे तथा बूथों को मजबूत करने के टिप्स दिए एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पार्टी तभी मजबूत होगी जब बूथ स्तर तक कार्यकर्ता मजबूती के साथ काम करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है, जिसमें छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी पार्टी में बड़े पद पर पहुंच सकता है। जबसे केंद्र में भाजपा सरकार आई है तबसे देश की आंतरिक व बाह्य सुरक्षा मजबूत हुई है। बूथ स्तर पर मजबूत होने से हरियाणा के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा अपना परचम लहराएगी।

# श्री खाटू श्याम हारे का सहारा : संजय बठला



- सालासर बालाजी, खाटू श्याम मुख्यमंत्री के ओएसडी संजय बठला ने बस यात्रा को दी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हर महीने की भांति श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा खाटू श्याम धाम के लिए बस यात्रा शुरू की गई। इस बार बस अग्रोहा धाम, लक्ष्मी माता मंदिर, सालासर बालाजी व खाटू श्याम धाम के लिए रवाना हुई है। शनिवार को मुगल कनाल स्थित खेड़ा चौक से बतौर मुख्यतिथि पहुंचे मुख्यमंत्री के ओएसडी संजय बठला ने झंडी दिखाकर बस यात्रा को रवाना किया। विधि-विधान से नारियल फोडक़र यात्रा का शुभारंभ किया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर समिति के प्रधान प्रमोद मंगला, उपप्रधान विकास गर्ग व अन्य सदस्यों ने मिलकर ओएसडी का फूल मालाएं और बुके देकर स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर ओएसडी संजय बठला ने कहा कि खाटू श्याम हारे का सहारा है। उन्होंने कहा कि बाबा श्याम इस कलयुग में अपने भक्तों का उद्धार कर रहे है।

समिति के प्रधान प्रमोद मंगला ने बताया कि श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा हर माह बस यात्रा रवाना की जाती है। पिछले पांच वर्षो से निस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं को श्री खाटू श्याम धाम, मेहंदीपुर बालाजी धाम, वृंदावन सहित विभिन्न धामों की यात्रा करवाई जा रही है। बस यात्रा के लिए श्रद्धालुओं से मात्र शुल्क लिया जा रहा है। वहीं उपप्रधान विकास गर्ग ने बताया कि इस बार बस अग्रोहा धाम, लक्ष्मी माता मंदिर, सालासर बालाजी व खाटू श्याम।

# छात्रा फैनी का अधिकारी बनने पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में पूर्व छात्रा फैनी का स्वागत करते प्राध्यापक । फोटो : हरिभूमि

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में स्वागत समारोह का आयोजित किया गया, जिसमें हाल ही में सिविल सेवा परीक्षा में खंड एवं पंचायत विकास अधिकारी के पद पर चयनित महाविद्यालय की पूर्व छात्रा फैनी का स्वागत किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. राजीव गुप्ता ने फैनी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई संदेश दिया। उन्होंने फैनी की मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प की सराहना की और कहा कि उनकी यह सफलता महाविद्यालय के अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। डॉ. गुप्ता ने कहा कि फैनी की इस उपलब्धि से महाविद्यालय का गौरव बढ़ा है। समारोह में महाविद्यालय का समस्त टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहा । फैनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और अपने कठिन परिश्रम को दिया। उन्होंने कहा कि उनके इस सफर में महाविद्यालय का सहयोग और मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा है।

# निस्वार्थ सेवा भाव ही कामयाबी का मूल मंत्र: गुलिया

- बोले : सेवा भाव के जरिए भी समाज में व्याप्त कुरीतियों को किया जा सकता है जड़ से समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। परिचर्चा मे भाग लेते शहर के समाजसेवी व संस्थाओं के अध्यक्ष।

समाज सेवा करने की कोई उम्र नहीं होती,अगर इंसान के अंदर समाज सेवा करने का जज्बा हो तो वह किसी भी उम्र में समाज सेवा कर सकता है। अपना लक्ष्य बना कर जरूरतमंद लोगों की मदद करना एक मिशन के रूप में जब कार्य किया जाता है तो उसे सफलता की ओर निरंतर आगे बढ़ता है। ऐसा मानना है शहर के सभी समाजसेवियो का दूसरों की पीड़ा देखकर उनकी मदद करना और निरंतर उनके बीच में जाकर सहायता करना सभी का कर्तव्य है। आज शहर तरावड़ी में कई समाजसेवी जो कि समाज में काफी धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हे व समाज में समय समय पर निरंतर नेक कार्य करके अपना दायित्व निभा रहे है। समाजसेवी प्रदीप गुलिया व सुरेंद्र बंसल (रिंकू) ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा दूसरों के प्रति निस्वार्थ सेवा का भाव रखना ही जीवन में कामयाबी का मूल मंत्र है। निस्वार्थ भाव से की गई सेवा से किसी का भी हृदय परिवर्तन किया जा सकता है। हमें समाज में अपने आचरण में सदैव सेवा का भाव निहित रखना चाहिए, जिससे अन्य लोग भी प्रेरित होते हुए कामयाबी के मार्ग पर अग्रसर हो सकें। इस दौरान भारत विकास परिषद तरावड़ी के अध्यक्ष योगेश मिडडा एवं युवा सामाजिक कार्यकर्ता सन्नी सचदेवा ने कहा सेवा भाव से मनुष्य को एक अंदरूनी ख़ुशी मिलती हे और उसकी मेहनत चमकाती है। उन्होंने कहा सेवाभाव हमारे लिए आत्म संतोष का वाहक ही नहीं बनता बल्कि संपर्क में आने वाले लोगों के बीच भी अच्छाई के संदेश को स्वतः उजागर करते हुए समाज को नई दिशा व दशा देने का काम करता है।

# प्रत्येक सोमवार को चंडीगढ़ में सुमन सैनी सुनेंगी समस्याएं

- कहा : करनाल के लोगों को मिलेगा मुख्यमंत्री आवास में पूरा सम्मान
- मुख्यमंत्री की पत्नी पहुंची उत्तम नगर में खुर्शीद आलम के निवास पर हुआ जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि वह भी हर सोमवार को चंडीगढ़ में लोगों की समस्याओं को सुनेंगी। उन्होंने कहा कि अब तक चंडीगढ़ के मुख्यमंत्री के आवास पर प्रदेश के सत्तरर फीसदी लोग मुख्यमंत्री से मिल चुके हैं। करनाल ने दो मुख्यमंत्रियों को चुन कर दिल्ली तथा चंडीगढ़ भेजा है। यहां के लोगों को इसका फायदा मिलेगा। वह शनिवार को उत्तम नगर की गली नंवर तीन में हरियाणा हज कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता तथा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी खुर्शीद आलम के निवास पर पहुंचीं। खुर्शीद आलम तथा उनके परिजनों ने परंपरागत ढंग से स्वागत किया तथा उनको दुआ मुकद्दस स्वरूप मालाएं पहनाई । उनके साथ पर निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता, निर्मला बैरागी, मीना चौहान, मेघा भंडारी, सुनील गुप्ता, खुर्शीद आलम, नीलम नोतना, सुनील गोयल, शशि सैनी, मीना चौहान रायसन, आजाद सिंह भूपेंद्र यिंह नौतना, रेखा वाल्मीकि,मीना काम्बोज थे। यहां सैकड़ों लोगों ने सुमन सैनी का स्वागत किया। इससे पहले सुमन सैनी ने चांद सराय में धानक चौपाल, सेक्टर-4 में गुर्जर धर्मशाला, उत्तम नगर की गली नंबर-3, विकास नगर गली नंबर-6, नरसी विलेज में श्री गणेश मंदिर में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की।

### श्री महाकाली मंदिर में कलश स्थापना आज



पंडित आचार्य शुभम शास्त्री

**तरावड़ी ।** श्री महाकाली महाकालेश्वर सिद्धपीठ मंदिर वार्ड नंबर-6 की तरफ से जगत कल्याण के लिए बसंती माता व मैढान्न माता के सानिध्य में श्री राज राजेश्वरी महाकाली जी मंदिर के गुम्बज के कार्य पूर्ण होने पर गुम्बज के शिखर पर कलश स्थापना रविवार 7 जुलाई को होगी। यह जानकारी श्री महाकाली महाकालेश्वर सिद्धपीठ मंदिर के पंडित आचार्य शुभम शास्त्री ने दी। उन्होंने बताया कि रविवार को सुबह 11 बजे कलश स्थापना, करीब साढ़े 11 बजे सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। इसके बाद करीब डेढ़ बजे मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पंडित आचार्य शुभम शास्त्री ने बताया कि इस आयोजन में शहर भर से वरिष्ठ उद्योगपत्तियों के साथ-साथ शहर की सामाजिक ओर धार्मिक संस्थाओं से जुडे प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। उन्होंने तरावड़ी शहर के उद्योगपत्तियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य लोगों का आभार जताते हुए बताया कि मंदिर परिसर को सभी के सहयोग से सुंदर और भव्य रूप दिया जा रहा है। मंदिर में गुम्बद का निर्माण भी शहर के नागरिकों के सहयोग से हुआ है। इस दौरान पंडित शिवदत्त शर्मा ने भी कलश स्थापना, सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे में सभी से पहुंचने की अपील की है।

### 7 को मास डेपुटेशन के रूप से सीएम से मिलेगी समिति

**करनाल।** ट्रांसफर ड्राइव चलवाने की एकमात्र मांग को लेकर शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति, हरियाणा 7 को करनाल में मास डेपुटेशन के रूप में सीएम आवास पर शांतिपूर्ण मास डेपुटेशन के रूप में जाएगी और प्रदेश भर के लगभग बीस हजार से ज्यादा अस्थाई स्टेशनों पर बैठे टीचर्ज के लिए ट्रांसफर ड्राइव खुलवाने की मांग करेगी। जानकारी देते हुए समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण,प्रेस सचिव ऋषिराज नरवाल ने बताया कि यह मास डेपुटेशन पहले कर्ण पार्क,करनाल में अपनी एक रोष सभा करेगा और उसके बाद सीएम से वार्ता करने के लिए मास डेपुटेशन के रूप में शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ेगा।



# वन महोत्सव के साथ एक हरित भविष्य की शुरुआत होती है: गुरशरण ग्रेवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

एस एम एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना सभा में बच्चों को वृक्षों के प्रति सचेत करने हेतु विचार प्रस्तुत कर किया गया। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत लघु वाटिका के द्वारा वन महोत्सव के महत्व को समझाया तथा वन संरक्षण का संदेश दिया गया। इस मौके पर स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इसके साथ ही स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम के तहत नन्हे मुन्ने बच्चों ने विद्यालय के प्रांगण में पौधे लगाए तथा उनकी सुरक्षा व देखभाल का संकल्प भी लिया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने कहा कि -वन महोत्सव को जीवन का त्योहार कहना गलत न होगा क्योंकि ये ना केवल मानव के लिये बल्कि पूरी पृथ्वी के लिये भी बहुत जरुरी है वन महोत्सव का मुख्य उद्देश्य है धरती मां को बचाना है। यह एक राष्ट्रीय आयोजन है जो प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और पोषण करने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ, हरित और भविष्य सुनिश्चित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराता है। यह छात्र-छात्राओं में वृक्षों के प्रति जागरूकता को बढ़ाता है तथा ग्लोबल वार्मिंग को रोकने तथा प्रदूषण को कम करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है।वन महोत्सव के तहत विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में नारा लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता , कविता लेखन आदि का भी आयोजन किया गया । जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया । विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने सभी को वन महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत में प्रतिवर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह में वन महोत्सव मनाया जाता है। इसका सूत्रपात 1950 में तत्कालीन कृषि मंत्री कन्हैयालाल माणिक्यलाल मुंशी ने किया था, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक परिवेश के प्रति संवेदनशीलता की अभिव्यक्ति है।

# मां के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। पौधारोपण करते हुये भाजपा नेता एवं तरावड़ी अनाज मंडी के अध्यक्ष शीशपाल गुप्ता, पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी व आढती।

भाजपा व्यापार सेल के जिला अध्यक्ष एवं तरावड़ी अनाज मंडी के अध्यक्ष शीशपाल गुप्ता व पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के आह्वान पर प्रदेश के प्रत्येक नागरिक से अपनी माता के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील की है। उन्होंने कहा हमें पेड़ लगाने के बाद उसको बड़ा होने तक उसकी देखभाल भी करनी आवश्यक है। पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए यही एकमात्र तरीका है। आज नई अनाज मंडी में एक पौधारोपण के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 400 पेड़ों का लगाना है। जोकि अनाज मंडी व उसके आसपास के स्थानों पर लगाए जाएंगे। जिसमें हम जामुन, नीम के अलावा फलदार, छायादार वृक्ष लगाएंगे।

### सीएम के प्रतिनिधि से कारोबारी अनूप ने की मुलाकात



**करनाल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के विधायक प्रतिनिधि कैलाश सैनी से भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा आयुर्वेदिक औषधि निर्माता संघ के प्रदेशाध्यक्ष व कारौवारी भारद्वाज ने मुलकात की। उनका करनाल में स्वागत किया। उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। श्री भारद्वाज ने कहा कि श्री सैनी आम जन और मुख्यमंत्री के बीच सेतु का काम करेंगे। उन्होंने उद्योगपतियों के साथ स्थानीय मुद्दों पर श्री सैनी कें साथ चर्चा की। श्री सैनीने भरोसा दिलायसा कि वह समस्याओं का हरसंभव समाधान कराएगे। श्री सैनी ने कहा कि करनाल के लोगों का सहयोग पहले की तरह मिलता रहेगा। इस अपसर पर डा. महेश सुखीजा, अवनीश भारद्वाज भी मौजूद थे।

## प्रशिक्षण शिविर में 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया

# बागवानी फसलों की उत्पादन तकनीक पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



शिविर में अनुसंधान निदेशक प्रो . रमेश गोयल किसानों को सम्बोधित करते हुए।

महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र अंजनथली में बागवानी फसलों की उत्पादन तकनीक पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन माननीय कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा के कुशल नेतृत्व में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण शिविर में 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया। किसानों ने एमएचयू के वैज्ञानिकों से बागवानी फसलों से सम्बधित कई प्रश्न पूछे, जिनके बारे में वैज्ञानिकों ने बखूबी जवाब दिए। एमएचयू के अनुसंधान निदेशक व बागवानी महाविद्यालय के डीन प्रो. रमेश गोयल ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एमएचयू की स्थापना किसानों तक नई तकनीक, उन्नत किस्मों के बीज ओर बागवानी खेती से सम्बधित समस्याओं को दूर करने के लिए हुई हैं ताकि किसानों की आमदनी में इजाफा हो। उन्होंने कहा कि बागवानी फसलें काफी मूल्यावान होती है, किसान भाई अगर परपरांगत खेती को छोडक़र बागवानी खेती की ओर आगे बढ़ेगा तो उसे यकीकन फायदा होगा। लेकिन बागवानी खेती करने से पहले किसान भाईयों को एमएचयू के वैज्ञानिकों से पूरी जानकारी हासिल करनी चाहिए ताकि उन्हें खेती करने के दौरान कोई परेशानी पेश न आए। उन्होंने कहा कि किसान भाईयों को पता होना चाहिए कि किस मौसम में किस फसल को लगाना चाहिए, उसकी देखभाल किस तरह से वैज्ञानिक तरीकों से कम करनी चाहिए।

### किसानों को फूलों की खेती के बारे में बताया

डॉ सोनिया ने किसान भाईयों को फूलों की खेती किस मौसम में किस तरह से करनी चाहिए, इस बारे में जानकारी दी। फार्म मैनेजर विक्रम सिंह ने किसानों को बताया कि वे किस प्रकार अनुसंधान केंद्र से जुड़कर फायदा उठा सकते है। उन्होंने किसानों को बाग लगाने के बारे में बताया। मौके पर सरकार के अधिकारियों सहित विश्वविद्यालय का स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने चोरी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने प्रकाश नगर तहसील कैंप में रोमा के घर में चोरी करने वाले आरोपी सुनील पुत्र पालेराम निवासी हरिसिंह कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना तहसील कैंप में रोमा पुत्री मदनलाल निवासी प्रकाश नगर तहसील कैंप की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। आरोपी ने रोमा के घर से मोबाइल फोन सैट, सोने की चेन, अंगुठी व सात हजार रुपये की नगदी चोरी की थी।

### चोरी करने वाला आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने खुखराना गांव में खेत में रखे टेम्परेरी गार्ड रूम में चोरी के मामले में नामजद अमित निवासी गांव खुखराना जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि इस मामले में नीरज पुत्र घनश्याम निवासी माडल टाउन, पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### परामर्श केंद्र ने जागरूक किया

**पानीपत।** परिवार परामर्श केंद्र द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन देसराज कॉलोनी में किया गया। वहीं केंद्र की परामर्शदात्री रेहाना खान व चेतना अरोड़ा ने बताया कि केंद्र में अनुभवी परामर्शदाताओं के परामर्श से पारिवारिक झगड़ों को सुलझाया जाता है और रिश्तों को पुनः जोड़ने का कार्य करता है। इस अवसर पर आंगनवाड़ी वर्कर्स हरप्रीत, हेल्पर उषा, अमृत कौर, पायल, रीना, शालू, भावना, हिना, पूनम, भागो, रिया मुख्य रूप से उपस्थित रही।

### जनता की समस्याओं को जाना

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने गांव बुड़शाम, खालिया प्रहलादपुर में जन सवांद कार्यक्रम का आयोजन किया और ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी ली। वहीं आप के प्रदेश सह सचिव सुखवीर मालिक ने दावा किया कि प्रदेश में आप की सरकार बनने पर जनता की हर समस्या का समाधान करवाया जाएगा। इस अवसर पर बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सर्व ब्राह्मण समाज का चुनाव 11 को

**पानीपत।** पानीपत सर्व ब्राह्मण समाज के प्रधान एवं कार्यकारिणी का चुनाव आगामी 11 अगस्त को करवाने का निर्णय लिया गया है। सर्व ब्राह्मण समाज के प्रधान राम रतन शर्मा की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रधान राम रतन शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों का ब्यौरा देते हुए बताया कि काला आम पर शहीदों का प्रोग्राम, परशुराम जयंती मनाना, 11 डेलीगेट बनाना, गरीब कन्याओं की शादी करना, 36 बिरादरी को लेकर परशुराम जयंती मनाना आदि मुख्य रहे।

### एसडी कॉलेज में डांस कंपटीशन 14 को

**पानीपत।** हरियाणवी लोक कला एवं संस्कृति को समर्पित संस्था दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट आने वाली 14 जुलाई, रविवार दोपहर 12 बजे सूर्य कवि दादा लख्मीचंद जयंती समारोह पर स्थानीय एसडी कॉलेज में जोड़ी नंबर वन डांस कंपटीशन का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने दी। इस अवसर पर प्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार सीमा, नरेंद्र गर्ग, सीमा हरियाणवी, दिनेश जून, पवन धीमान, गुलाब पांचाल व कौरभान मौजूद रहे।

### नए कानूनों की जानकारी दी

**समालखा।** वैश्य कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को सरकार द्वारा बनाये गए तीन नए कानूनों के प्रति जागरूक करने के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राध्यापिकाओं के साथ-साथ छात्राओं ने भी अपने विचार रखे। कालेज प्राध्यापिका अंजू अग्रवाल ने छात्राओं को बताया कि इन तीन नए कानूनों के द्वारा भारत सरकार ने भारतीयों को अंग्रेजों की मानसिक गुलामी से आजाद करवाने का एक अच्छा प्रयास किया है।

---

### सीएम नायब, रविवार को पानीपत में 223 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन करेंगे

# पानीपत को आज मिलेगी ऑडिटोरियम इंडोर स्टेडियम, आईसीयू की सौगात

**पानीपत में बहुमंजिला ऑडिटोरियम, इंडोर स्टेडियम और जिला सिविल अस्पताल में आईसीयू समेत करीब आधा दर्जन परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का निरीक्षण करते हुए डीसी व एसपी आदि। फोटो :हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सात जुलाई रविवार को पानीपत में बहुमंजिला ऑडिटोरियम, इंडोर स्टेडियम और जिला सिविल अस्पताल में आईसीयू समेत करीब आधा दर्जन परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इन योजनओं पर करीब 223 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इनमें अधिकतर परियोजनाएं पानीपत शहरी विधानसभा के अंतर्गत हैं। इनके साथ ही मुख्यमंत्री सेक्टर 13-17 में 33 करोड़ की लागत से सड़कों के सुंदरीकरण का शिलान्यास करेंगे। जिला नागरिक अस्पताल में 41 करोड़ की लागत से तैयार आईसीयू का भी उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे का कार्यक्रम फिलहाल एसडी विद्या मंदिर सेक्टर-11-12 में रखा गया है। वे सुबह 10 बजे पहुंचेंगे और उनका करीब दो घंटे का ठहराव रहेगा। नायब सिंह सैनी का मुख्यमंत्री बनने के बाद पानीपत में उद्घाटन व शिलान्यास का पहला कार्यक्रम होगा। प्रशासन ने इसको लेकर तैयारी तेज कर दी हैं। जन सेवा संस्थान रोहतक की पानीपत शाखा द्वारा अनाथ आश्रम एवं वृद्ध आश्रम असंध रोड सौदापुर में बनाया गया है। करीब 56सौ गज में तीन मंजिला आश्रम बनाया गया है। यहां 400 बेड की व्यवस्था की गई है। सीएम को इसके उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया है। इधर,

सेक्टर-12 में करीब एक एकड भूमि में बहुमंजिला ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। इस पर करीब 59 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसमें 810 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। सरकारी स्तर पर यह पानीपत में सबसे बड़ा ऑडिटोरियम होगा। इसमें एक मल्टीपर्पज हॉल होगा। जिसमें करीब 450 लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। बहुउद्देश्यीय स्टेज बनाया जाएगा। इसमें सीढ़ियों के साथ लिफ्ट भी लगाई जाएगी। सीएम इसकी आधारशिला रखेंगे। दूसरी ओर, इंडोर स्टेडियम पर करीब 44 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह सनौली रोड स्थित पुरानी सब्जी मंडी में बनाया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 24 मार्च 2018 को इसकी घोषणा की थी। इसमें बैडमिंटन व टेबल टेनिस कोर्ट, बास्केटबॉल मैदान, बॉक्सिंग रिंग, आर्चरी, जिम्नास्टिक हाल, हेल्थ केयर सेंटर प्रमुख होंगे। यह करीब 6900 वर्ग मीटर में होगा। इसके साथ दर्शकों के बैठने के लिए सीढ़ियां बनाई जाएंगी। यह भी शहर के साथ जिला की बड़ी सौगात होगी। इसकी आधारशिला रखी जाएगी। वहीं, जिला नागरिक अस्पताल में आईसीयू बनाया गया है। इस पर करीब 41 करोड़ की लागत आई है। इसकी सौगात मिलने के बाद जिला नागरिक अस्पताल में सिर चोट या गंभीर मरीजों का इलाज संभव होगा। यहां जिले के अलावा उत्तर प्रदेश व सफीदों से भी मरीज इलाज को आते हैं। ऐसे में गंभीर मरीजों को पीजीआई खानपुर रेफर करना पड़ता है। जबकि पानीपत-दिल्ली रेल लाइन पर शहर में पांच अंडरपास बना जा रहे हैं। इन पर करीब 22 करोड़ की लागत आई है। इनमें असंध रोड और बिशनस्वरूप कॉलोनी के अंडरपास का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। गोहाना रोड, आजाद नगर, आयकर विभाग के नजदीक अंडरपास का कार्य कुछ बाकी है। इसका भी जल्द निर्माण कार्य कराया जाएगा। सीएम इनका उद्घाटन करेंगे। दूसरी ओर, हुडा सेक्टर-13-17 की मुख्य सड़कों का सुंदरीकरण किया जाएगा। इन पर करीब 33 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। नगर निगम इन सड़कों को बनवाएगा। यह पानीपत ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत आता है। यह सड़कों को लेकर सबसे बड़ा प्रोजेक्ट हैं। इनके मूर्त रूप में आने के बाद यह क्षेत्र मॉडल बन जाएगा। इधर, सीएम पानीपत में 44 एससी बस्तियों में विकास कार्यों की आधारशिला रखेंगे। इनमें गली व नाली के अलावा अन्य कार्य होंगे। इन कॉलोनियों पर करीब 44 करोड़ रुपये खर्च किया जाएगा। फिलहाल कुल राशि का 25 प्रतिशत मंजूर किया गया है। नगर निगम को यह राशि खर्च करनी है। निगम को 25 प्रतिशत राशि खर्च करने के बाद अगली किश्त मिलेगी। इनके मूर्त में आने के बाद कॉलोनियों की दशा और दिशा बदल जाएगी। जबकि असंध रोड नहर पर 13.50 करोड़ की लागत से फ्लाईओवर बनाया जाएगा।

---



पानीपत। सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा गांव गांजबड़ में जनसुनवाई करते हुए।

## जनता की समस्याओं को मौके पर हल किया

- सहकारिता मंत्री ने गांव गांजबड व पानीपत के विकास नगर में जनसुनवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के विकास, पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा ने शनिवार को जिले के गांव गांजबड़ व विकास नगर के वार्ड 16 में लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की नीति व नीयत एक ही है लोगों की समस्याओं का समाधान करना। इस उद्देश्य व लक्ष्य को लेकर लोगों की समस्याओं का निदान किया जा रहा है। सरकार की इस अनूठी पहल का लोगों द्वारा जगह जगह पर जोरदार अभिनंदन व स्वागत किया जाता है । दरबार मे लोग समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। गांजबड व विकास नगर के वार्ड 16 में पहुंचने पर लोगों ने फूल माला पहनाकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। मंत्री ढांडा ने कहा कि वे लगातार गांव-गांव जाकर लोगों की न केवल समस्याएं सुन रहे हैं बल्कि उनका मौके पर समाधान भी करवा रहे हैं। विभिन्न विभागों के अधिकारी भी इस मौके पर उपलब्ध रहते हैं व फैमिली आईडी, बिजली, पानी से जुड़ी समस्याओं का मौके पर निदान करते हैं। मंत्री ढांडा ने शनिवार को कई मामलों को फोन पर भी हल किया व अधिकारियों को सचेत किया कि वे इस कार्यक्रम में रुचि ले व लोगों की समस्याओं का तलीनता व तत्परता से समाधान करें। मंत्री ढांडा ने कहा की व्यवस्था में रहकर काम किया जा रहा है आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ लोगों की समस्याओं का निदान किया जा रहा है। जो लोग समस्या लेकर पहुंचते हैं उनकी समस्याओं का समाधान निश्चित रूप से होगा वो इस बात की गांठ बांध लें कि जो समस्या आई है उन पर संज्ञान लिया जा रहा है।

---

### शराब कारोबारी की पत्नी के नाम पर फर्जी तरीके से लिया 60 लाख का ऋण

**पानीपत।** पानीपत के गांव जोशी निवासी शराब कारोबारी नरेंद्र नरवाल ने शराब कारोबारी अजित उर्फ सोनू नरवाल पर उनकी धर्मपत्नी सुमन नरवाल की जमीन पर सेक्टर 25 स्थित चोलामंडलम बैंक कर्मचारियों के साथ मिली भगत कर फर्जी तरीके से 60 लाख रुपये का लोन लेने का आरोप लगाया है। नरेंद्र नरवाल ने बताया कि उन्होंने लोन पर एक गाड़ी निकलवानी थी जिसको लेकर उन्होंने अपनी पत्नी का सिविल स्कोर चेक किया तो उन्हें पता चला कि उनके नाम पर तो 60 लाख रुपये का लोन चल रहा है। जब उन्होंने इस बारे में छानबीन शुरू की तो उन्हें पता चला सोनू नरवाल द्वारा चोलामंडलम बैंक के साथ मिली भगत कर मेरे फर्जी आधार कार्ड और रजिस्ट्री कागजात लगाकर लोन पास करवाया है। बैंक कर्मचारियों से कागजात मांगे तो बैंक ने सिर्फ उन्हें उनका आधार कार्ड दिखाया। इतना ही नहीं नरेंद्र नरवाल ने बताया कि आरोपियों ने बैंक कर्मचारियों के साथ मिली भगत कर उनकी (नरेंद्र नरवाल) ही प्रॉपर्टी को गारंटी के तौर पर बैंक में रख दिया। नरेंद्र नरवाल ने बताया कि इस पूरे मामले में बैंक के मैनेजर संजय चौहान, रोहित टीम इंचार्ज, नवीन नांढल और मनप्रीत सिंह की मिलीभगत है। नरेंद्र ने बताया कि जब उन्होंने इस पूरे मामले की छानबीन की तो बैंक के इन कर्मचारियों ने अपनी गलती मानी है और अपनी इस गलती मानी और इसका शपथपत्र भी उन्हें दिया। नरेंद्र ने बताया कि अगर वह गाड़ी निकलवाने के लिए अपना सिविल स्कोर चेक नहीं करते तो शायद उन्हें पता भी नहीं चलता कि उनकी धर्मपत्नी की प्रॉपर्टी पर कोई लोन चल रहा है।



### छात्रों ने पौधे रोप कर दिया पर्यावरण को घना करने का संदेश

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में यूथ एंड ईको क्लब के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। यूथ एंड ईको क्लब प्रभारी एवं ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक ने कार्यक्रम का आयोजन किया। पर्यावरण बचाने एवं पौधरोपण के महत्व को समझते हुए बच्चों ने पेड़ पौधे लगाए। प्रदीप मलिक बताया कि पौधरोपण से ही बढ़ती गर्मी कम की जा सकती है। उन्होंने बच्चों को अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने के बारे में बताते हुए पौधा लगाकर पौधरोपण अभियान की शुरूआत की। मलिक ने बताया कि हर इंसान को पौधरोपण के महत्व को समझना होगा। इस अवसर पर सुशील कुमारी, मधु बाला, रामनरेश, रविंद्र सिंह, जसबीर सिंह, उमेद सिंह, जगबीर सिंह, शर्मिला जागलान, ममता देवी, दीपिका धवन, रमा देवी, राकेश कुमार, विजेंद्र सिंह, विष्णु दत्त, सुदेश कुमारी, लिपिक बलविंद्र सिंह मौजूद रहे।

## दोस्त के कातिल को आजीवन कठोर कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की सेशन जज सुदेश कुमार शर्मा की कोर्ट ने राणा पुत्र पालूराम कश्यप निवासी बत्रा कालोनी, पानीपत की हत्या के आरोपी पिंटू पुत्र रामफूल कश्यप निवासी भारत नगर, हाल निवासी बत्रा कालोनी में किरायेदार को दोषी करार देते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई। वहीं सेशन जज शर्मा की कोर्ट ने पिंटू पर 25 हजार रुपये जुर्माना भी किया, अदालत में जुर्माना जमा नहीं करने पर दोषी पिंटू को एक साल का अतिरिक्त कारावास और भोगना होगा।

#### दोषी ने की थी पुलिस से शिकायत

26 अप्रैल 2021 को पुराना औद्योगिक थाना पुलिस को दी शिकायत में 20 साल



के पिंटू ने बताया था कि जब वह 25 अप्रैल को लघु शंका के लिए गया तो चार-पांच युवकों ने राणा को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। वह हमलावरों को नहीं जानता, वहीं आना सामना होने पर पहचान सकता है। पिंटू ने राणा के भाई शंटी को मौके पर बुलाया और उसके सहयोग से रणा को पानीपत के सिविल अस्पताल ले गया, जहां मेडिकल जांच के बाद डॉक्टरों ने राणा को मृत घोषित कर दिया।

#### मृतक के भाई ने किया था हत्याकांड का खुलासा

मृतक राणा के भाई शंटी को शुरू से ही पिंटू पर अपने भाई की हत्या शक था, उसने खोजबीन शुरू की तो पता चला कि पिंटू अपने विवाह के बाद बत्रा कालोनी में किराये पर रहने लगा था और उसकी राणा आदि के साथ दोस्ती थी। विवाह से पहले पिंटू अपने परिवार के साथ भारत नगर, पानीपत में रहता था। वहीं, पिंटू को शक था कि राणा की उसकी पत्नी पर गलत नजर है। पिंटू ने शक के चलते राणा पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। इस दौरान पिंटू के साथ विक्की पुत्र मेहर व सागर पुत्र सत्यवाल निवासी बत्रा कालोनी थे। राणा के भाई शंटी ने विक्की व सागर से पूरे मामले की जानकारी लेकर पिंटू की पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने पिंटू को गिरफ्तार किया और कोर्ट से एक दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की। पिंटू ने राणा की हत्या करना स्वीकारा। वहीं पुलिस ने पिंटू पर राणा की हत्या का केस दर्ज किया।

---

### गोबर बहाने वाली डेयरी के संचालकों पर दर्ज होगी एफआईआर



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के दिशा निर्देश पर शुक्रवार को एसडीएम मनदीप सिंह ने एलएनटी के पांच नालों व शिव नगर में डेरी के सामने से गुजरने वाले नालों के प्वाइंटों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होंने ने खादी आश्रम, एसबीआई बैंक, संजय चौक, मल्होत्रा चिकन कॉर्नर, एसडी स्कूल के सामने वाले एलएनटी के प्वाइंटों को देखा वह उनका निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि जो डेयरी संचालक अनियमितताएं बरत रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर एफआईआर भी दर्ज हो सकती है। मानसून के आगमन के साथ ही नालों की साफ सफाई जरूरी है। इस दिशा में सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इस मौके पर उनके साथ एसडीओ अर्पित, कर्नल ज्ञान प्रताप, एनके सिंह व लेखराज आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने शिक्षा शुल्क दिया

- भाजपा प्रदेश उप प्रभारी व सांसद सुरेंद्र नागर ने जरूरमंदों को सौंपी चार लाख की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



भाजपा के वरिष्ठ नेता जरूरतमंद विद्यार्थियों के परिजनों को शिक्षा शुल्क का चेक भेंट करते हुए।

पानीपत शहरी विधानसभा से भाजपा विधायक प्रमोद कुमार विज द्वारा 35 गरीब परिवारों के बच्चों की शिक्षा सहायता हेतु लगभग 4 लाख रुपये की राशि वितरित की गई। विधायक विज द्वारा पिछले नौ सालों से जिन बच्चों के पिता नहीं है एवं आर्थिक स्थिति कमजोर है उनकी शिक्षा हेतु अपने पिता एवं पानीपत के पूर्व जनसंघ विधायक स्वर्गीय फतेह चंद विज की याद में सहायतार्थ यह राशि प्रदान की जा रही है। विधायक कार्यालय में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे भाजपा हरियाणा के सह प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर ने बच्चों के शिक्षण शुल्क वितरित कर बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं, कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय भाटिया एवं भाजपा पानीपत के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी शिरकत कर शिक्षण शुल्क वितरित किया।

### जजपा की नीतियों का जनता के बीच प्रचार करें कार्यकर्ता : दुष्यंत चौटाला



**पानीपत।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि हिम्मत के साथ आगे बढ़ने से हर मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने जेजेपी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जोश और उत्साह के साथ फील्ड में उतरे और पार्टी की मजबूती के लिए काम करें। अजय चौटाला पानीपत में जेजेपी जिला स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव की अलग-अलग परिस्थितियां होती हैं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इन 100 दिन में जनसंपर्क बढ़ाते हुए घर-घर जाकर पार्टी का चुनाव प्रचार करना होगा। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बृज शर्मा, व्यापारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेश मित्तल, राष्ट्रीय सचिव सुरेश काला, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र कादियान, एडवोकेट शेरसिंह खर्ब, सोहन लाल बठला, टीपू पौडिया, लेखराज खट्टर, धर्मबीर राठी, कुलदीप डीमाना, रामनिवास पटवारी आदि मौजूद रहे।

---

### समालखा को नगर परिषद बनाने को केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन दिया

**समालखा।** समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा ने केंद्रीय मंत्री एवं सांसद मनोहर लाल को मांग पत्र देकर समालखा नगर पालिका को नगर परिषद बनाने की सीएम घोषणा का प्रस्ताव सरकार को भिजवाने व सभी 23 अवैध कालोनियों को अप्रूव कराने की फाइल तत्काल सरकार को भिजवाने की मांग की है। संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने मांगपत्र में आरोप लगाया कि शहर की 23 अवैध कालोनियों को अप्रूव कराने की फाइल पालिका अधिकारी दबा कर बैठे हैं। सरकार को नहीं भेज रहे जबकि सरकार ने इन्हें पास करने के लिए मंगवा रखा है। सरकार ने चार महीने से नगर परिषद बनाने के लिए नगर पालिका से जरूरी प्रस्ताव, नक्शा, जनसंख्या की सूचना आदि दस्तावेज मांग रखे हैं। अधिकारियों की लापरवाही से केस फाइल भी ऊपर नहीं भेजी जा रही। दूसरे शहरों मे अवैध कॉलोनियां अप्रूव हो रही हैं लेकिन समालखा मे पिछले दस वर्षो से एक भी कालोनी पास नहीं हुई, क्योंकि पालिका अधिकारियों ने आज तक इनका केस ही सरकार को भेजा।

## पर्यावरण को घना करना हमारा कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

फैला उजियारा फाउंडेशन की ओर से चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान के तहत गांव बलाना में पौधरोपण अभियान चलाया गया। वहीं कार्यक्रम में बतौर मुख्याअतिथि पहुंची फाउंडेशन की प्रदेशाध्यक्ष कुमारी रंजिता कौशिक कहा की हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण को घना करना चाहिए।

पर्यावरण जितना अधिक होगा प्रकृति उतनी ही मानव हितैषी बनेगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण घना होने से जहां नागरिकों को ऑक्सीजन मिलेगी, वही प्रदूषण कम होगा। फैला उजियारा फाउंडेशन की ओर से तुलसी, आम, नीम, अमरूद के पौधे रोपे गए। उन्होंने ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपने, इनकी जवान होने तक देखभाल करने की शपथ भी दिलवाई। वहीं, कौशिक ने बताया कि मानसून जारी रहने तक फाउंडेशन का पौधा रोपण कार्यक्रम जारी रहेगा। जबकि पौधा रोपण



पानीपत। फैला उजियारा फाउंडेशन की अध्यक्ष रंजिता कौशिक पौधे बांटते हुए। फोटो :हरिभूमि

अभियान में राजबाला, बिमला, अंगूरी, सुमन, सविता, संतोष, निर्मला, सावित्री, रमेश, उमेद, महावीर, लक्ष्मी, कृष्ण समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग में उपनिदेशक फार्मेसी बने प्रदीप

**पानीपत।** हरियाणा स्वास्थ्य निदेशालय के डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेज द्वारा प्रदीप कुमार को मुख्य फार्मेसी ऑफिसर को



उपनिदेशक फार्मेसी नियुक्त किया है। प्रदीप का प्रमोशन काफी समय से ड्यू था। पदोन्नति पर प्रदीप को उनके साथियों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भगवान से की। नवनियुक्त उप निदेशक फार्मेसी प्रदीप कुमार ने अपने प्रमोशन के लिए प्रदेश सरकार व स्वास्थ्य निदेशालय के डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेज का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने उप निदेशक फार्मेसी का पदभार ग्रहण कर लिया है और प्रदेश भर के अस्पतालों, सीएचसी व पीएचसी आदि में दवाइयां की कमी को पूरा करवाने के लिए हर जरूरी फैसले लेंगे।

### छात्रों ने कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन अतुल जैन और प्रधानाचाय ऋतु सिंह ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कनिष्क को हेडब्वॉय और भावना को हेड गर्ल का खिताब दिया गया। वॉइस हेड गर्ल निष्ठा और वाइस हेड बॉय केशव को चुना गया। जूनियर हेड गर्ल संस्कृति को, जूनियर हेड ब्वॉय सात्विक को, जूनियर वॉइस हेड गर्ल खुशी को, वाइस हेड बॉय दिव्यांश, कल्चरल कैप्टन निष्ठा और नेहा को चुना गया।

## खबर संक्षेप

### जेपीएस गुरूकुल में लगाया गया कैंप

**बराड़ा।** जेपीएस गुरूकुल स्कूल अधोई में मेडिकल कैंप लगाया गया। कैंप का शुभारंभ स्कूल कमेटी के अध्यक्ष डॉ केएल जौहर, निर्देशक विक्रम जौहर, प्रधानाचार्य डॉ. नीलम जैन की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा रिबन काटकर दीप प्रज्वलित करके की गई। कार्यक्रम में सांसद वरूण चौधरी ने भी शिरकत की। इस कैंप में बच्चों व उनके अभिभावकों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई। आदेश अस्पताल से आई डाक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच की। इस मौके पर सब स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### अवैध देसी कट्टा सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना के गांव अलीपुर रोड से अवैध हथियार रखने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी विक्रम सिंह को देसी कट्टा व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-2 को गश्त के दौरान सूचना मिली कि आरोपी के पास अवैध हथियार है। वह किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरांत पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। फिर तलाशी के दौरान उसके कब्जे से हथियार जब्त किया गया।

### हेरोइन तस्करी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-1 ने हेरोइन तस्करी के मामले में दूसरे आरोपी वंशदीप को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी कमल ने बताया था कि आरोपी वंशदीप भी इस मामले में संलिप्त है। 20 जून 2024 को सीआईए-1 ने आरोपी कमल को मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में काबू किया था। तब पुलिस ने आरोपी की तलाशी लेने पर कमल के कब्जे से 30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। थाना महेशनगर में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

### नए कानूनों की दी जानकारी

**अंबाला।** 1 जुलाई 2024 से लागू हुए तीन नए अपराधिक कानूनों को लेकर आमजन में जागरूकता लाने के लिए पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। डीएसपी बराडा सुरेश कुमार ने गांव अधोई में लगे मेडिकल चेकअप कैंप में पहुंचकर आमजन को तीन नए कानूनों बारे जानकारी दी। एक अन्य कार्यक्रम में प्रबंधक थाना महेश नगर ने गांव सपेडा के राजकीय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों नए कानूनों की जानकारी दी गई।

### ठगी में आरोपी जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज प्लाट की खरीद फरोख्त की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरप्रीत सिंह मान को शामिल जांच किया है। अंबाला छावनी माल रोड के रहने वाले हरगुनीत सिंह ने 1 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी हरप्रीत सिंह मान व अन्य ने प्लाट की खरीद फरोख्त के मामले में एक बडी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## होलसेल कपड़ा मार्केट की सड़क बनी नदी

# हल्की सी बरसात से फिर रिहायशी कॉलोनियों में हुआ जलभराव

### दुकानदारों का आरोप, सही ढंग से नहीं हो रही नालों की सफाई, अफसरों के तमाम दावे फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। सिंघावाला कॉलोनी में जमा पानी का दृश्य।

अंबाला शहर में सुबह बरसात होने के बाद फिर रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव हो गया। पानी भरने लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का घरों से बाहर निकलना दुर्लभ हो गया है। बरसात की वजह से सबसे ज्यादा बुरा हाल होलसेल कपड़ा मार्केट का हुआ। यहां ज्यादातर दुकानदारों के बाहर पानी बहता रहा। इसी वजह से बरसात को लेकर व्यापारियों ने दुकान का सामान समेटना शुरू कर दिया है। ताकि जलभराव से दुकानों में रखा सामान खराब न हो। अंबाला में आज सुबह हुई बारिश से शहर के ज्यादातर कॉलोनियों में जलभराव हो गया। कई जगह तो कॉलोनियां में एक एक फुट तक पानी जमा हो गया। जलमग्न हुए शहर ने व्यापारियों के साथ साथ आम जनता की नींद उड़ा दी है। अंबाला शहर स्थित कपड़ा मार्केट के हालात कुछ इस तरह हो गए है कि ख़रीददारी करने आए लोगो को गंदे पानी में जाकर सामान लेना पड़ रहा है। दुकानदारों और राहगीरों की माने तो शहर के हालात बेहद खराब है। हल्की सी बरसात होते ही यहां कॉलोनियों के साथ सड़कें भी नदी में तब्दील हो जाती हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन के दावे पानी में बहते दिखाई दे रहे हैं। लोगों ने निगम अधिकारियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि नालों की सफाई सही समय पर न होने से शहर के ये हालात हो गए है।

### कोई फायदा नहीं हो रहा है

पानी निकासी को लेकर पिछली काफी दिनों से शहर में नालों की सफाई का कार्य निरंतर चल रहा है। इसको लेकर अफसरों की ओर से दावे भी किए जा रहे हैं। इसके बावजूद नालों का पानी कॉलोनियों में घुस रहा है। ज्यादातर लोगों का कहना है कि नालों की सही ढंग से सफाई न होने से ये हालात बन रहे हैं। अगर नालों की समय पर सही ढंग से सफाई हो तो ऐसे हालात कभी न बनते। उन्होंने कहा कि अभी तो बरसात बेहद कम हो रही है। अगर लगातार बरसात हुई तो फिर अंबाला शहर को बाढ़ से कोई नहीं बचा सकता। पिछले साल की तरह इस बार भी लोगों को बाढ़ से तबाही होने की संभावना है। इसी वजह से ज्यादातर लोगों ने बाढ़ से बचने के लिए वैकल्पिक बंदोबस्त किए हैं। उधर डिप्टी मेयर राजेश मेहता लगातार सफाई को लेकर अफसरों की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। पिछले दिनों मेहता ने खुद कई नालों का औचक निरीक्षण किया था। तब नाले गंदगी से अटे मिले थे। मेहता ने साफ कहा था कि अगर इस बार बाढ़ ने तबाही मचाई तो फिर अफसर इसके लिए जिम्मेदार होंगे।

# अंबाला छावनी के चारों रास्ते अवरूद्ध

- अंदर-बाहर जाना हुआ मुश्किल
- इनेलो की ओर से नगरपरिषद अधिकारियों की कार्यशैली पर उठाए गए सवाल

हरिभूमि न्यूज. अंबाला



अंबाला। तोड़े गए चौथे रास्ते पर बिखरा पड़ा मलबा।

नगर परिषद अंबाला छावनी की कार्रवाई सवालों के घेरे में हैं। इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने इसको लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी में एक-एक करके नगर परिषद अधिकारियों द्वारा अधिकतर सड़कों को तोड़ दिया गया है। कार्य का सूत्र क्या होना चाहिए कि पहले एक कार्य पूरा हो उसके पश्चात दूसरा कार्य शुरू होना चाहिए। छावनी आने के तीन मुख्य मार्ग है 12 क्रॉस रोड, कबाड़ी बाजार और सदर बाजार। इन तीनों मार्गों को एक साथ तोड़ दिया गया है।

गजब हो गया जब एक चौथा मार्ग जो खालसा स्कूल वाला है जिसे बैंक रोड के नाम से जाना जाता है उसको भी तोड़ दिया गया। यह मार्ग भी बाधित कर दिया गया। प्रश्न यह उठता है यदि किसी व्यक्ति को एमरजेंसी में स्वस्थय सुविधाओं के लिए ही अंबाला से बाहर अन्य अस्पताल में ले जाना पड़ जाए तो उसे कौन से मार्ग से ले जाया जाएगा। नगर परिषद अधिकारियों के दिमाग प्रशंसा करनी पड़ेगी कि एक साथ इन चारों मार्गों को अवरुद्ध कर दिया गया। इस गजब कार्यप्रणाली के लिए नगरपरिषद अधिकारियों को पुरस्कार मिलना चाहिए।

### सीएम नायब सैनी का जताया आभार

**बराड़ा।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री सोनिया प्रोचा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश के लोगों को नायब तोहफा दिए जाने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने राज्य के सरपंच व शहरी तथा ग्रामीण सफाई कर्मियों का मानदेय बढ़ाकर आम व्यक्ति के प्रति नेकनियत और दरियादिली का परिचय दिया है। मुख्यमंत्री द्वारा एमबीबीएस के विद्यार्थियों के वजीफे में 43 प्रतिशत वृद्धि तथा दसवीं व 12वीं में प्रथम श्रेणी में पास हुए छात्रों को हैप्पी योजना के तहत 500 किलोमीटर तक फ्री बस यात्रा जैसी घोषणाओं से छात्रों में खुशी की लहर है। शहरों की तर्ज पर गांव के विकास को लेकर सरपंचों द्वारा बिना टेंडर के 21 लाख तक के काम करना तथा उन्हें समारोह के दौरान वीआईपी ट्रीटमेंट दिए जाने से स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों का मान सम्मान बढ़कर पूरे देश में प्रदेश को एक उदाहरण के रूप में पेश किया है।

# लोन दिलवाने के नाम पर महिला के साथ हुई 7.60 लाख की ठगी

- बैंक प्रबंधक पर भी मिलीभगत के आरोप
- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

पीएनबी बैंक से लोन दिलाने के नाम पर 7.60 लाख हड़पने का मामला सामने आया है। महिला ने पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर पर भी मिली भगत के आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में गांव रजौली की शीलवंती ने बताया कि उनका पंजाब नेशनल बैंक ब्रांच बराडा में सेविंग (जॉइंट) बैंक अकाउंट खुला हुआ है। आरोपी मनप्रीत मान ने मार्च 2023 में अन्य आरोपियों के साथ मिलीभगत करके पंजाब नेशनल बैंक से लोन दिलाने का आश्वासन दिया। आरोपी ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक ब्रांच से 13 भैंसों की लिमिट व मकान की लिमिट कर 9.90 लाख रूपए का लोन दिलवा देगा। पीड़िता के मुताबिक आरोपियों ने लिमिट में लोन के बदले उसके जमीन की रजिस्ट्री ले ली। महिला का आरोप है कि बैंक के मैनेजर ने उसकी जमीन की रजिस्ट्री अपने पास रख ली। महिला के अनपढ़ का फायदा उठाते हुए बैंक मैनेजर ने 3.50 लाख रुपए आरोपी मनप्रीत की माता के खाते में ट्रांसफर कर दिए और 4,10,800/- रुपए आरोपी जफर खान के खाते में ट्रांसफर कर दिए।

# जनहित के मुद्दों को लेकर मैदान में उतरेगी कांग्रेस

- अंबाला लोकसभा समन्वयक झा बोले कुंभकर्णी नींद सोई सरकार को जगाने का किया जाएगा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मीटिंग के दौरान मौजूद कांग्रेसी नेता।

अंबाला छावनी के कांग्रेस भवन में शनिवार को कांग्रेस नेताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया।इस बैठक की अध्यक्षता अंबाला लोकसभा समन्वयक प्रभाकर झा द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक जैन,चित्रा सरवारा,पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल,पूर्व निगम सदस्य परविंदर सिंह परी,सुरेश त्रेहन,सेवादल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, महिला अध्यक्ष गौरी शर्मा,अनिल कुमार लीला उपस्थित रहे। झा ने बताया कि प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया के दिशा निर्देश अनुसार अंबाला कांग्रेस के सभी नेता जल्द ही भाजपा सरकार के खिलाफ एक मुहिम चलाएंगे। इसमें अंबाला छावनी के सभी ज्वलंत मुद्दों पर धरना व प्रदर्शन भी किया जाएगा। झा ने कहा कि छावनी के अनेक मुद्दे हैं जिस पर सरकार की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।उन्होंने कहा कि बरसात शुरू हो चुकी है पर सरकार इस बात को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रही।भाजपा सरकार को पिछली बाढ़ से सबक लेना चाहिए था परंतु सरकार अगली बाढ़ आने का इंतजार कर रही है। छावनी में चारों ओर गंदगी का आलम है।सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है।

# पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

- विधानसभा चुनाव को लेकर भरा जोश कहा, राज्य सरकार शहरों की तर्ज पर गांवों का कर रही है विकास, लंबित योजनाओं पर जल्द कार्य करवाने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हुए पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान।

पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान ने शनिवार को भाजपा नेता रजत मलिक के आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं से महत्वपूर्ण मुलाकात की। इस अवसर पर सारवान ने हल्के में हो रहे विकास कार्यों और जनता की समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पत्रकारों से भी बातचीत करते हुए कहा कि कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा जनता की सेवा करना रहा है। सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और हम उन कदमों का समर्थन करते हैं। इस दौरान पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान हल्के में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य हुए हैं। शायद ही ऐसा कोई गांव होगा जो उनके कार्यकाल में विकास से वंचित रहा हो। उन्होंने कहा कि हर गांव में सडक़, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार किया गया है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विकास को प्राथमिकता दी और यह सुनिश्चित किया कि हर व्यक्ति को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हों। सारवान ने मुख्यमंत्री नायब सैनी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सरपंचों को अधिक पावर देकर उन्हें सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि अब सरपंचों को 21 लाख तक के कार्य बिना टेंडर के करवाने की मंजूरी मिल चुकी है। यह कदम जहां ग्रामीण विकास को गति देगा और सरपंचों को स्थानीय स्तर पर फैसले लेने की स्वतंत्रता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार अब सरपंचों को अन्य वीआईपी की तरह सुविधाएं देने जा रही है, जिससे उनका मनोबल और भी ऊंचा होगा।

इस मुलाकात के दौरान, पूर्व विधायक ने दोसडक़ा से मुख्य बाजार बराड़ा तक की सडक़ के टूटे हालतों पर चिंता जताई। कहा कि यह सडक़ जल्द ही बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सडक़ न केवल बराड़ा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थानीय व्यापार और परिवहन को भी बढ़ावा देगी।

# लाभार्थी अब सभी दिन प्राप्त कर सकेंगे हैप्पी कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा रोडवेज के जीएम अश्विनी डोगरा ने बताया कि निदेशक, राज्य परिवहन के निर्देशानुसार हैप्पी (हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना) स्कीम के अंतर्गत आने वाले लाभार्थी अब शनिवार व रविवार सहित सप्ताह के सातों दिन अपने हैप्पी कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन लाभार्थियों ने हैप्पी स्कीम (हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना) के लिए 19 मई 2024 तक आवेदन किया था, वह सभी लाभार्थी अंबाला सिटी व नारायणगढ़ बस स्टैंड आकर अपना हैप्पी कार्ड ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन कर चुके हैप्पी कार्ड लाभार्थी अब से सप्ताह मे किसी भी दिन अपना हैप्पी कार्ड प्राप्त कर सकेंगे।

हैप्पी (हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना) स्कीम के तहत वह व्यक्ति जो हरियाणा का मूल निवासी हो और जिसकी पारिवारिक वार्षिक आय 1 लाख रूपये तक या उससे कम हो वह इस योजना का लाभ ले सकते है। परिवार मे जितने सदस्य है उनका कार्ड बनेगा और प्रत्येक सदस्य 1000 किलोमीटर की मुफ्त यात्रा कर सकेंगे। इस योजना के पात्र लाभार्थियों को स्मार्ट कार्ड वितरित किए जाते है, जिसे हरियाणा रोडवेज की बसो मे दिखाकर मुफ्त सफर किया जा सकता है।

# जेल में बंद युवा किसान की रिहाई के लिए किसानों ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। युवा किसान की रिहाई को लेकर रणनीति की जानकारी देते पंजाबी लोक गायक रेशम सिंह अनमोल व सरवण सिंह पंधेर।

हरियाणा-पंजाब के किसान संगठनों की शनिवार को गांव बलाना के गुरुद्वारे में अहम मीटिंग हुई। इस दौरान किसान नेता सरवण सिंह पंधेर, भाकियू शहीद भगत सिंह यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी समेत अन्य किसान नेताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान युवा किसान नेता वाटर कैनन बॉय नवदीप सिंह जलबेहड़ा की रिहाई के लिए रणनीति बनाई। गौरतलब है कि किसान नेता नवदीप सिंह इस बार के किसान आंदोलन में भी काफी प्रमुख भूमिका में रहे हैं। पंजाब में किसान आंदोलन शुरू होने से पहले ही उन्होंने किसानों को एकजुट किया। इसके साथ-साथ लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार को चुनौती भी थी। इसी को लेकर वह पिछले लंबे समय से हरियाणा पुलिस के निशाने पर थे। आंदोलन के दौरान नवदीप अपने अन्य साथियों के साथ बख्तरबंद पोकलेन मशीन लेकर आए थे। इसके बाद उन्होंने हरियाणा सरकार को चुनौती दी थी। पुलिस ने वॉटर कैनन बॉय नवदीप सिंह जलबेहड़ा उसके साथी को मार्च में चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया था। हालांकि नवदीप सिंह के साथी गुरकीरत को कोर्ट से जमानत मिल गई थी। लेकिन नवदीप सिंह जलबेड़ा फिलहाल अंबाला की सेंट्रल जेल में बंद है। नवदीप की रिहाई को लेकर अब किसान 17 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करेंगे। इसी घेराव पर रणनीति बनाई गई।

# रंगारंग अंदाज में मनाई जाएगी राहगिरी

- ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग करें भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि 14 को अंबाला शहर में रंगारंग अंदाज में राहगिरी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि इस कार्यक्रम में बढ़ चढक़र हिस्सा लें। इस राहगिरी में बतौर मुख्यअतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह शिरकत करेंगे। डीसी ने बताया कि इस राहगिरी में स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत बैंड बजाया जाएगा। इसके साथ-साथ महिलाओं के स्वयं सहायता समूह द्वारा महिला बाजार लगाया जायेगा। इसके साथ-साथ नुकड़ नाटक, सडक़ सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, नशामुक्त जैसे विषयों पर जागरूक करते स्टॉल, स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा अपने स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त कबड्डी, योग, गतका, मलखम्ब, पर्यावरण जैसे विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता, मटका रेस, वालीबॉल, खो-खो, बास्केटबॉल जैसे खेल भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे तथा प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। डॉ. शालीन ने बताया कि राहगिरी कार्यक्रम रविवार 14 को सुबह 5.30 बजे हर्बल पार्क के पास की सडक़ पर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान डांस की मस्ती से लेकर अलग-अलग स्पोर्टस एक्टिविटी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। पुलिस द्वारा राहगिरी के लिए पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए जाएंगे। आयोजन स्थल के चारो ओर पुलिस के जवानों की तैनाती होगी। इसके अलावा आयोजन स्थल पर भी व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस टीम मौजूद रहेंगी।

### एमपीएन कॉलेज की जमीन से सफेदे के 20 पेड़ चोरी

**बराड़ा।** एमपीएन कॉलेज मुलाना की जमीन से सफेदे के 20 पेड़ चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत कॉलेज की संरक्षक समिति क्षत्रिय सभा ने एसपी को दी है। पुलिस को भेजी शिकायत में क्षत्रिय सभा के प्रधान डॉ कुंवर वीरेंद्र सिंह ने कहा है कि 3 जुलाई 2024 की रात को एमपीएन कॉलेज की जमीन से सफेदे के 20 पेड़ चोरी से काटे गए। शिकायत में बताया कि वर्ष 2015 में भी 26 सफेदे के पेड़ काट लिए गए थे। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी लेकिन अब तक उस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। सभा ने अंदेश जताया कि यह सब तथाकथित दूसरी क्षत्रिय सभा के सदस्यों की ओर से करवाया गया है। सभा ने अपनी शिकायत में यह भी कहा है कि कुछ व्यक्ति अपने आपको क्षत्रिय सभा का सदस्य बताते है लेकिन उनका किसी भी प्रकार से क्षत्रिय सभा से कोई भी लेना देना नहीं है। वीरेंद्र सिंह ने कहा है कि सभा का निर्णय उच्च न्यायलय में हो चुका है। वर्तमान में कॉलेज को जो सभा चला रही है उसके प्रधान डॉ कुंवर वीरेंदर सिंह, उप प्रधान विनोद राणा, महासचिव मोहित राणा व खजांची विपिन चंद्रर पाल हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## नशे की लत युवाओं को कर रही है बर्बाद, सेना में भर्ती होकर देश सेवा के लिए किया प्रोत्साहित

# स्कूली छात्रों को सेना अधिकारी ने नशे के खिलाफ किया सचेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। छात्रों को नश के खिलाफ जागरुक करते सेना अधिकारी।

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में बच्चों के लिए प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लेफ्टिनेंट कर्नल पराग चतुर्वेदी, सैकेंड-इन-कमांड, 31 बटालियन एसएसबी ने बच्चों के साथ वार्तालाप किया। उन्होंने बच्चों को ड्रग्स व नशीले पदार्थों से दूरी बनाए रखने के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। लेफ्टिनेंट कर्नल श्री पराग चतुर्वेदी का मिशन युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 27 शहरों, लखनऊ, में 50 से अधिक विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, स्कूलों, कोचिंग सेंटरों, डीआईईटी, एसएसबी संरचनाओं, आईटीबीपी संरचनाओं, जिला जेल आदि में उपरोक्त विषय पर व्याख्यान दिया है। इस व्याख्यान के दौरान उन्होंने युवाओं से यह आह्वान किया कि वे अपने कैरियर, परिवार, समाज तथा देश के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। भांग, अफीम, डोडा, पोस्ट, गांजा, मॉर्फिन, हेरोइन, कोकीन, चरस तथा सिंथेटिक ड्रग्स (डिज़ाइनर ड्रग्स) से दूर रहें क्योंकि इस लत को पाल लेने वाले युवा केवल और केवल अपने परिवार, समाज तथा देश पर बोझ साबित होते हुए बहुत ही कम उम्र में मृत्यु की आगोश में चले जाते हैं। इस व्याख्यान के दौरान ड्रग्स से संबंधित लघुवृत्त चित्र भी दिखाए गए जिनमें ड्रग्स के सेवन से शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को दर्शाया गया कि कैसे ड्रग्स का सेवन एक अच्छे एवं स्वस्थ शरीर को खोखला कर जीवन अंधकारमय कर देता है। साथ ही साथ यह भी अवगत कराया गया कि इस दुर्व्यसन से छुटकारा पाने का निराकरण लगभग असंभव जैसा ही है। युवा वर्ग मादक पदार्थों को न कहे तथा समाज व देश हित में एकजुट होकर जीवन में सदैव सकारात्मक कार्य करे। उन्होंने छात्र एवं छात्राओं से भारतीय सेना, केंद्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस में अपना स्वर्णिम करियर बनाने हेतु मार्गदर्शन किया गया। सुरक्षा बलों में अपना करियर बनाने का आव्हान किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने बताया कि नशा समाज के लिए ऐसा दीमक है जो समय से पहले ही जीवन को समाप्त कर रहा है। नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति न केवल अपनी शारीरिक हानि करता है बल्कि अपने परिवार के साथ-साथ सामाजिक वातावरण को भी दूषित करता है। मादक पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभाव से सिर्फ देश ही नहीं पूरा विश्व जूझ रहा है। युवा पीढ़ी इसका शिकार होकर अपने भविष्य को नष्ट कर रही है। उन्होंने बच्चों को इस बुरी लत से दूर रहने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें समय-समय पर हर तरह की जानकारी प्रदान की जाती है जिससे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो और वे जीवन में सफ़लता की उंचाइयों को हासिल करें।

हरिभूमि रविवार भारती
haribhoomi.com
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
रोहतक, रविवार 7 जुलाई 2024




स्वस्थ, निरोग और दीर्घायु की कामना अधिकांश लोग करते हैं। वास्तव में ये सब हासिल करना बहुत कठिन नहीं है। इसके लिए आपको अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव करने होंगे, कुछ गुड हैबिट्स अपनानी होंगी और कुछ बैड हैबिट्स को बाय-बाय कहना होगा। इसके बाद तो आप लाइफ की सेंचुरी लगा सकते हैं।

# अपनाएं ये हैबिट्स जिएंगे 100 साल

कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

अलग-अलग रिपोर्ट्स के मुताबिक इस समय पूरी दुनिया में 4,50,000 लोग ऐसे हैं, जो अपनी आयु का सैकड़ा लगा चुके हैं। आने वाले दिनों में उम्र की सेंचुरी लगाने में सफल होने वाले लोगों की संख्या और भी बढ़ सकती है। अगर आप भी अपनी लाइफ में सेंचुरी का आंकड़ा छूना चाहते हैं तो कुछ आदतों को अपने रुटीन में अपनाना होगा।

## सोशल सर्किल हो बड़ा

अगर आप अनजान लोगों से भी आसानी से घुल-मिल जाते हैं, अपने सहकर्मियों के साथ जिंदादिली से मिलते हैं, रिश्तेदारों के साथ मिलते-जुलते रहते हैं, दोस्तों के साथ जमकर ठहाके लगाते हैं और परिवार के सदस्यों के साथ स्नेह और अपनेपन का संबंध रखते हैं, तो आपके शतकवीर होने की संभावना काफी ज्यादा है। जांस होपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में जेरियाट्रिक मेडिसिन (वृद्ध लोगों की चिकित्सा) के वरिष्ठ प्रोफेसर जेरेमी वाल्सटन कहते हैं, 'अकेले और गुमसुम रहने वाले लोग अकसर बीमार रहने लगते हैं।' दीर्घायु लोगों की खोज और उन पर अध्ययन करने के लिए दुनिया भर की सैर कर चुके नेशनल ज्योग्राफिक के शोधकर्ता डैन बटनर कहते हैं, 'इटली के सरडीनिया में सौ साल की आयु पार कर चुके लोगों की बड़ी संख्या है और ये लोग दोस्ती और जिंदादिली के कारण ही स्वस्थ और खुश रहते हैं। जब भी कोई व्यक्ति बीमार पड़ता है, उसका पड़ोसी तुरंत उसके पास पहुंच जाता है। इससे जल्द स्वस्थ होने में मदद मिलती है।'



## खोजें जीने का मकसद

बिना मकसद की जिदंगी कुछ ऐसी ही होती है, जैसे बिना पते का लिफाफा। जिन्होंने अपने जीवन में ना कोई लक्ष्य तय कर रखा है और ना उन्हें जीने का मकसद मालूम है, उनकी जिंदगी में दिलचस्पी भी कम होती चली जाती है। लेकिन जो किसी मकसद से जीते हैं और किसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सतत प्रयत्नशील रहते हैं, उनमें जिंदगी के प्रति उमंग रहती है और वे मानसिक और शारीरिक रूप से क्रियाशील रहते हैं। ऐसे लोग अकसर लंबी आयु जीते हैं। साइकोलॉजिकल साइंस जर्नल में प्रकाशित एक शोध में भी अनुसंधानकर्ताओं ने ऐसी राय जाहिर की है। न्यूयॉर्क सिटी (अमेरिका) के माउंट सिनाई में स्थित इशान स्कूल ऑफ मेडिसिन के जेरियाट्रिक्स प्रोफेसर रोजेन लीपजिंग कहते हैं कि आपको नए दोस्त बनाने चाहिए, नई हॉबीज अपनानी चाहिए और सामाजिक कार्यों में वालंटियर के तौर पर सपोर्ट देना चाहिए।

## वेट पर रखें कंट्रोल

जिसने अपनी सेहत की लगाम ढीली छोड़ दी और वेट, डाइट पर कंट्रोल नहीं कर पाता है, उसके जिंदगी की फील्ड पर जल्दी आउट होने के चांस बढ़ जाते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स द्वारा किए गए शोधों के नतीजे बताते हैं कि जिन महिलाओं के कमर की माप 37 इंच या उससे ज्यादा थी, 40 वर्ष की उम्र के बाद उनकी आयु दूसरी महिलाओं (27 इंच या कम कमर वाली) की तुलना में 5 वर्ष तक कम हो सकती है। इसी प्रकार 35 इंच या कम कमर की माप वाले पुरुषों की तुलना में 43 इंच या उससे ज्यादा कमर के घेरे वाले पुरुषों की आयु में तीन साल तक की कटौती हो सकती है। जाहिर है, अगर आपने अपने कमर के घेरे यानी बॉडी वेट पर कंट्रोल कर रखा है तो आपकी आयु लंबी होने की संभावना बढ़ जाती है।



## मिड एज में भी रहें फिजिकल एक्टिव

यंग एज में ही नहीं मिड एज में भी अगर आप खूब चलते-फिरते हैं, शारीरिक रूप से एक्टिव रहते हैं, तो बाद में भी आपके स्वस्थ रहने के चांस ज्यादा बढ़ जाते हैं। 'आर्चीव्स ऑफ इंटरनल मेडिसिन' में प्रकाशित अध्ययन के नतीजे कुछ ऐसा ही संकेत करते हैं। मध्यवय के 19,000 वयस्कों पर अध्ययन करने के बाद सेहत विज्ञानियों ने पाया कि जो लोग इस उम्र तक फिट रहते हैं आगे चलकर उनमें हार्ट डिजीज, टाइप-2 डायबिटीज, कैंसर, अल्जाइमर्स आदि रोग होने की संभावना तुलनात्मक रूप से कम होती है। जांस होपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के प्रोफेसर जेरेमी वाल्सटन कहते हैं, 'जो लोग अपनी जिदंगी में भागते-दौड़ते रहते हैं, वॉकिंग करते है या साइकिल चलाते रहते हैं, वे लंबी आयु के स्वामी होते हैं।'

## उपयोगी है दोपहर में झपकी

आप खूब काम करते हैं, सक्रिय रहते हैं फिर भी दोपहर में कुछ पल आराम के निकालते हैं और झपकी लेते हैं, तो आपके शतायु होने की संभावना में इजाफा हो जाता है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने 23000 लोगों पर लगातार 6 सालों तक अध्ययन किया तो पाया कि जिन लोगों में दोपहर को 30 मिनट तक नींद लेने की आदत थी, उनमें अन्य लोगों की तुलना में हार्ट डिजीज से मरने का 37 फीसदी कम जोखिम था। ग्रीस के एक छोटे से गांव इकारिया में सौ वर्ष की आयु पार चुके लोगों की बड़ी संख्या है और उन सभी में कुछ देर दोपहर को नियमित सोने की आदत है।

## ताजे फल-सब्जियों का सेवन

मिशिगन विश्वविद्यालय द्वारा किए गए शोध में पता चला है कि फल और सब्जियों का भरपूर सेवन करने वाली महिलाओं की आयु, फल-सब्जी कम खाने वाली महिलाओं की तुलना में अधिक होती है। इन महिलाओं की फल-सब्जी खाने की आदत का पता लगाने के लिए वैज्ञानिकों ने इनसे पूछताछ के साथ इनके रक्त की जांच भी की। विशेषज्ञ बताते हैं कि दीर्घायु होने में फल-सब्जियों की महती भूमिका का जीता-जागता सबूत है जापान के ओकीनावा में रहने वाले शतायु बुजुर्ग। इस शहर में दुनिया की किसी भी दूसरी जगह के मुकाबले सबसे ज्यादा सौ वर्षीय या ज्यादा उम्र के लोग रहते हैं। यहां प्रति लाख 50 लोग सौ साल से ज्यादा उम्र के मिलेंगे। इस शहर के लोगों में प्लांट बेस्ड डाइट खाने की आदत है। इनमें से ज्यादातर लोग इन फल-सब्जियों को खुद अपने बगीचे में उगाना पसंद करते हैं। *

## ये हैबिट्स भी हैं कारगर



- **अगर आप** जिंदादिल, हंसोड़ और आशावादी हैं तो आपकी आयु सौ के पार जाने में ज्यादा कठिनाई नहीं होगी। 'एजिंग' जर्नल में प्रकाशित एक शोध के नतीजों से पता चला है कि ऐसे लोग स्ट्रेस और एंजायटी से बचे रहते हैं, इसलिए इनकी आयु रूखे स्वभाव वाले लोगों की तुलना में ज्यादा होती है।
- आप खुद को असली उम्र से कम फील करते हैं और अकसर दूसरे लोग भी ऐसा ही आकलन करते हैं, तो तय मानिए कि आप चिरायु होंगे। वैज्ञानिकों के अनुसार खुद को वास्तविक उम्र से अधिक का समझने वाले और जल्दी ही बूढ़े दिखने वाले लोग अकसर कम उम्र में ही चल बसते हैं।
- आप मेडिटरेनियन डाइट लेते हैं तो आपकी आयु शर्तिया ज्यादा होगी। साबुत अनाज, मेवे, लेग्यूम्स, ऑलिव आयल के साथ-साथ फलों और सब्जियों का सेवन करने से शरीर को भरपूर पोषण मिलता है और कोशिकाएं निरंतर रीजेनरेट होती रहती हैं।

# हियरिंग लॉस की वजह बनता हेडफोन-ईयरफोन



जब से स्मार्टफोन और उससे कनेक्टेड हेडफोन/ईयरफोन का ट्रेंड बढ़ा है, दुनिया भर में हियरिंग लॉस के केसेस में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। यह हैबिट कितनी हार्मफुल है और इससे बचना कितना जरूरी है, आपको पता होना चाहिए।

टेक्नोबिहेवियर
डॉ. मोनिका शर्मा

पार्श्व गायिका अलका याग्निक ने पिछले दिनों खुलासा किया था कि वे सुनने से जुड़े एक दुर्लभ डिसऑर्डर की शिकार हो गई हैं। अपनी सुरीली आवाज के लिए जानी जाने वाली इस चर्चित गायिका के अनुसार, 'डॉक्टर्स ने मुझे बताया कि मैं सेंसरी न्यूरल नर्व हियरिंग लॉस का शिकार हो गई हूं। वायरल अटैक के कारण इस बहरेपन का पता चला है।' अपनी स्वास्थ्य समस्या को साझा करते हुए अलका याग्निक ने लोगों को बहुत तेज संगीत और हेडफोन से फास्ट म्यूजिक सुनने को लेकर सावधान किया है। देश के एक चर्चित चेहरे की यह सलाह बहुत से लोगों के लिए चेतावनी के समान है। मौजूदा दौर में हर ओर यही देखने में आता है कि एक्सरसाइज, वॉक, ट्रैवलिंग या फिर दूसरे कोई घरेलू काम निपटाते हुए भी बहुत से लोग ईयरफोन या हेडफोन लगाए रहते हैं। यह अपने परिवेश से खुद को अलग करने वाला बर्ताव तो है ही, बीमारियों को न्योता देने वाली आदत भी है। जरूरी है कि समय रहते सजगता बरती जाए।

**हेल्थ पर भारी स्टाइल स्टेटमेंट:** बिना सोचे-समझे स्टाइलिश दिखने के लिए इस्तेमाल की जा रहीं ऐसी तकनीकी सौगातें, अब हेल्थ के लिए रिस्क पैदा करने लगी हैं। असल में बिना अनुशासन के काम में ली जा रही हर चीज के खामियाजे होते ही हैं। सबसे पहले तो यह समझना जरूरी है कि हरदम हेडफोन या ईयरफोन लगाए रखने में फैशनेबल दिखने जैसी कोई बात नहीं है। तकनीक से मिली बहुत सुविधाओं में यह भी एक सुविधा भर है, जिसके इस्तेमाल की अति, हेल्थ प्रॉब्लम्स का कारण बनती है। हर समय हेडफोन या ईयरफोन लगाए रखना सीधे-सीधे हमारी सुनने की क्षमता को प्रभावित करता है। इतना ही नहीं बाहरी शोरगुल से बचाने वाली यह तकनीक, हमारी मनःस्थिति के लिए घातक है। दूसरों से बोलने-बतियाने से लेकर किसी विशेष परिस्थिति में सहज बने रहने तक, बहुत आम सी बातें व्यवहार से गायब हो जाती हैं।




**कई रोगों का कारण:** ईयरफोन या हेडफोन से तेज संगीत सुनना, केवल हियरिंग लॉस ही नहीं करता बल्कि शरीर के दूसरे अंगों पर भी दुष्प्रभाव डालता है। यूं लगातार म्यूजिक सुनते रहने से मेंटल और इमोशनल सेहत भी प्रभावित होती है। असल में इंसान के कानों की सुनने की क्षमता केवल 90 डेसिबल होती है। लगातार तेज आवाज का कानों में गूंजते रहना इसे 40-50 डेसिबल तक कम कर सकता है। इतना ही नहीं यूं हरदम म्यूजिक सुनते रहना दिल की धड़कनें भी बढ़ा देता है। इससे हृदय से जुड़ी परेशानियां भी होने लगती हैं। इसके अलावा सिरदर्द, अनिद्रा, तनाव, एकाग्रता की कमी और कानों में इंफेक्शन होने जैसी समस्याएं भी सामने आने लगती हैं।

**स्मार्ट फोन का सधा इस्तेमाल जरूरी:** हरदम कुछ ना कुछ सुनते रहने की आदत से बचने के लिए स्मार्ट फोन की लत से बचना पहला कदम है। आज के समय में हर कहीं इंटरनेट का उपलब्ध होना और डिजिटल मीडिया में देखने-सुनने के लिए मौजूद सामग्री की भरमार भी यूजर्स द्वारा हर पल कानों में ईयरफोन लगाए रखने का कारण बन रही है। ऐसे में जरूरी है मीटिंग्स, स्कूल-कॉलेज की क्लास या आवश्यक बातचीत के लिए कुछ समय ईयरफोन का इस्तेमाल किया जा सकता है पर लंबे समय तक ऐसा करना घातक है। इससे धीरे-धीरे सुनने और समझने की क्षमता भी प्रभावित होने लगती है। ड्राइविंग के दौरान हेडफोन या ईयरफोन लगाए रहना अपने साथ-साथ दूसरों के लिए भी जोखिम पैदा करने वाला बर्ताव है। घर-परिवार में ईयरफोन लगाकर रखने वाले लोग अपनों की बात भी सहजता से नहीं सुनते-समझते। यह स्थिति सार्थक संवाद में बाधा बनती है। असल में टेक्नोलॉजिकल रेवोल्यूशन के नाम पर अपने परिवेश से दूर होने के अनगिनत खामियाजे हैं। स्मार्टफोन और इंटरनेट को एक सौगात की तरह समझते हुए सधकर इन सुविधाओं का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है।

**पैरेंट्स रखें बच्चों का ध्यान:** कैलिफोर्निया के ऑस्टियोपैथिक बाल रोग विशेषज्ञ, जेम्स ई. फॉय, कहते हैं कि लंबे समय तक तेज आवाज में हेडफोन सुनने से बच्चों और किशोरों में हमेशा के लिए सुनने की क्षमता कम हो सकती है। असल में हेडफोन और हियरिंग लॉस का सीधा संबंध है। मौजूदा समय में 5 में से 1 किशोर किसी न किसी रूप में हियरिंग लॉस का अनुभव करता है। बीते 20 साल में यह आंकड़ा लगभग 30 फीसदी बढ़ गया है। हियरिंग लॉस के बढ़ते आंकड़े के पीछे हेडफोन का बढ़ता इस्तेमाल अहम वजह है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन का अनुमान है कि दुनिया भर में करीब 1 अरब युवा ईयरफोन लगाकर सुनने की असुरक्षित आदतों के कारण सुनने की क्षमता खोने के जोखिम में हो सकते हैं। डब्ल्यूएचओ द्वारा यह चेतावनी भी दी जा चुकी है कि ईयरफोन के अधिक इस्तेमाल से 2050 तक 70 करोड़ से ज्यादा लोग हियरिंग लॉस का शिकार बन सकते हैं। ऐसे में पैरेंट्स समय रहते अपने बच्चों को इन तकनीकी सुविधाओं के इस्तेमाल की अति से बचाएं। *

लघुकथा / अखिलेश श्रीवास्तव 'चमन'

# अजूबा



रोज अपनी कालोनी से मिंटो पार्क तक सुबह साथ-साथ टहलने जाने और घंटों साथ रहने वाले दोनों वृद्ध पड़ोसी इस बार एक सप्ताह के बाद मिले थे।

'कहो भाई वर्मा! कहां निकल गए थे। सुना है बहुत लंबा टूर कर आए। क्यों सब खैरियत तो है?' पड़ोसी माथुर जी ने पूछा।

'क्या बताऊं यार! अपनी लड़की की शादी के सिलसिले में निकला था। पहले मुजफ्फरपुर गया, वहां से रांची फिर हजारीबाग, इसके बाद पटना से बक्सर होते हुए कल ही वापस लौटा हूं। लेकिन इस यात्रा में एक अजूबा हुआ। तुम सुनोगे तो सहसा विश्वास नहीं करोगे।' वर्मा जी बोले। 'ऐ! अजूबा...? कैसा अजूबा...? मैं भी तो सुनूं जरा।' माथुर जी जानने के लिए आतुर हुए। ' हुआ यह कि मैं पूरे एक हफ्ते बस और ट्रेन की यात्रा करता रहा, लेकिन रास्ते में कहीं भी किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना नहीं हुई। ना कोई एक्सीडेंट, ना कहीं तोड़-फोड़, ना चक्काजाम, ना प्रदर्शन, ना ट्रेन डकैती, ना बस में चोरी, ना लूटपाट... कुछ भी नहीं हुआ। कहीं कोई वारदात नहीं हुई। मैं जैसे गया था, यहां से वैसे ही सकुशल वापस आ गया। बोलो है न अजूबे की बात?'

माथुर जी तुरंत बोले, 'बस... इतनी सी बात। अब मेरी सुनो। मेरे साथ तो इससे भी अधिक अजूबे की बात हुई। तुम्हें तो पता ही है कि गांव में मेरी थोड़ी-सी पुश्तैनी जमीन पड़ी हुई थी।'

मैंने सोचा बच्चों को तो अब लौट कर गांव जाना नहीं है और अपनी जिंदगी का कोई भरोसा नहीं, पका आम हूं कब टपक पड़ूं, पता नहीं। सो मन हुआ कि उस जमीन को बेच दूं। इसी सिलसिले में मैं गांव गया था। सचमुच यार! मुझे यह देख कर बहुत हैरानी हुई कि तहसील की खसरा, खतौनी में वह जमीन अभी भी मेरे ही नाम थी। बताओ यह अजूबे की बात नहीं तो भला और क्या है? और उससे भी अधिक अजूबे की बात तो यह हुई कि मैं उस जमीन को बेच कर, पूरे अस्सी हजार रुपए नकद लेकर अपने गांव से यहां तक बिल्कुल सही-सलामत वापस आ गया।' माथुर जी ने अपने पड़ोसी वर्मा जी से कहा।

'हूं...! बात तो वाकई अजूबे की है!' कह कर वर्मा जी ने एक गहरी सांस ली। इसके बाद दोनों कुछ देर खामोश बैठे रहे। उन्हें मन ही मन बहुत आश्चर्य हो रहा था। *

उनके भीतर निंदा रस का स्राव होता रहता है। वे जितना अधिक निंदा करते हैं, उनकी कोशिकाएं उतनी ही फलती-फूलती हैं। लगता है उनकी यह आदत डीएनए की तरह ही अजर-अमर है। उनके भीतर के डीएनए को भी सदा जीवित रहने के लिए वरदान प्राप्त है। उनकी कोशिकाएं भी गॉसिप से ही ताजी बनी रहती हैं।

# इधर की इनफॉर्मेशन उधर करने वाले

व्यंग्य / सतीश उपाध्याय



किसी की शादी, जलसा हो या ऑफिस में किसी की ज्वॉइनिंग या रिटायरमेंट सबसे पहले 'उन्हीं' को जानकारी मिलती है। फटाक से जानकारी हासिल करने के मामले में उनकी 'सोशल स्किल' बहुत तगड़ी है। वे चुगली नहीं करते बल्कि नई इनफॉर्मेशन को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने का काम करते हैं। कभी-कभी ऐसा लगता है, गॉसिपिंग के मामले में उनके ब्रेन की संरचना पर रिसर्च भी किया जा सकता है।

किसी की लाइफ में कोई परेशानी हो या कोई फील गुड, वे तो ताड़ ही जाते हैं। ताड़ने के बाद, फिर वे अर्जित जानकारी का 'तिल का ताड़' बना देते हैं। इस काम में भी वे इतने परफेक्ट हैं कि लगता है कि ये खूबी उनको अपने ही डीएनए से मिली है। उनके भीतर निंदा रस का स्राव होता रहता है। वे जितना अधिक निंदा करते हैं, उनकी कोशिकाएं उतनी ही फलती-फूलती हैं। लगता है उनकी यह आदत डीएनए की तरह ही अजर-अमर है। उनके भीतर के डीएनए को भी सदा जीवित रहने के लिए वरदान प्राप्त है। उनकी कोशिकाएं भी गॉसिप से ही ताजी बनी रहती हैं। सोसाइटी के बाकी लोगों से अलग हटकर उनमें कई खूबियां हैं। वे गजब हैं, टॉमी की तरह तेज घ्राणशक्ति भी रखते हैं। उनकी आदत, ऑफिस हो या कोई भी लोकेलिटी, आस-पड़ोस सभी जगह सक्रिय रहती है। फैमिली, रिश्तेदार, पास-पड़ोस सबकी जिंदगी के बारे में उन्हें, उनके ही हिसाब से जानकारी रहती है। ऐसे ही लोगों के भीतर निंदा रस ज्यादा पाया जाता है। इसीलिए उनकी सोशल इनफॉर्मेशन बहुत तगड़ी है। यही निंदा रस उन्हें हेल्दी बनाए हुए है। वे निंदा कर फील गुड करते हैं। जब वे किसी की निंदा करते हैं, तब उनके भीतर ऑक्सीटोसिन हार्मोंस का स्तर बढ़ जाता है। इस हार्मोन की वजह से वह जब-जब जिसकी, जितनी गहरी निंदा करते, वे उस समय उतने ही प्रसन्न भी रहते हैं। तब उनके हार्मोंस का स्तर सिर चढ़कर बोलने लगता, अपनी बात की प्रामाणिकता के लिए कसम भी खाते और कान के एकदम नजदीक आकर फुसफुसाते, 'मैंने अपनी आंखों से देखा है।'

ऐसे लोगों के लिए ही कबीर ने कहा है- 'आंगन कुटी छवाय।' वे निकट बने रहेंगे तो हमारी कमजोरी पर उनकी निगाह रहेगी। हम दुरुस्त रहेंगे। अपने निंदारस को बढ़ाने के लिए वे प्रायः महफिल खोजते हैं। जहां वे अपनी स्किल को बढ़ा सकें। इससे उनके दिल और दिमाग की सेहत दुरुस्त रहती है। उनके बातचीत का केंद्रीय विषय दूसरों की निंदा ही होती है। इसी में उन्हें खुशी का एहसास होता है। जब तक दो-चार लोगों की, दूसरों की निंदा ना कर लें, वे बेचैन रहते हैं। उनके मस्तिष्क में कई मौलिक विचार जागृत होते रहते हैं। ऐसा लगता है, जिस प्रकार हर नागरिक को मतदान का अधिकार प्राप्त है, उन्हें भी निंदा करने का अधिकार प्राप्त है। दूसरों की निंदा में उन्होंने जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा गुजारा है, शायद परमात्मा ने उन्हें जीवन निंदा करने के लिए ही दिया है। उनके हृदय में निंदा, उत्सव की तरह विराजमान रहता है। जब-जब वे निंदा करते हैं, तब-तब उनका उत्सव संपादित हो जाता है। उनके दिल में, कॉलोनी के लोगों से जुड़े अलग-अलग मौलिक किस्से मौजूद रहते हैं। अवकाश के दिनों में तो उनके पास रुमानियत के कई काल्पनिक किस्सों का इजाफा हो जाता है।

खैर वक्त तो लगा, वे पहचाने गए। समय के साथ पूरी कॉलोनी भी विवेकवान और उनसे सतर्क हो गई है। अब उनसे कॉलोनी बहुत दूर होती जा रही है। एक दिन पूरी कॉलोनी वालो ने ताड़ लिया कि वे हमारी 'आदर्श कॉलोनी' को छोड़कर 'समता कॉलोनी' शिफ्ट कर रहे हैं। *



जगन्नाथ रथ-यात्रा को भारतीय धर्म-संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है और यह यात्रा पुरी नगर के बाहर से आने वाले लोगों को भी सामूहिक आनंद और भक्ति का अनुभव कराती है। प्रत्येक वर्ष आषाढ़ माह में आयोजित होने वाली इस यात्रा में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु और पर्यटक शामिल होते हैं। आस्था-भक्ति का यह आयोजन अपनी भव्यता के लिए भी जाना जाता है।

## भक्ति-संस्कृति का संगम

# जगन्नाथ रथ-यात्रा

{ धार्मिक आयोजन / अलका 'सोनी' }

भक्ति और प्रेम में असीम शक्ति होती है। इससे वशीभूत होकर स्वयं भगवान भी खिंचे चले आते हैं। हमारे देश में तो भक्तों की अपने आराध्य भगवान से अनोखे रिश्ते की परंपरा रही है। यहां हम अपने भगवान को कभी झूला झुलाते हैं तो कभी रथ पर बिठाकर प्रेम से भ्रमण कराते हैं। इसके लिए पथ बुहारने का काम राजे-महाराजे करते रहे हैं। ऐसे ही अपने आराध्य प्रभु जगन्नाथ के रथ को अपने हाथों से खींचते हुए भ्रमण कराना अद्भुत अनुभव देता है। माना जाता है कि जिसे रथ खींचने का सुअवसर मिलता है, वो सौभाग्यशाली होता है। वैसे तो रथ-यात्रा मूलतः ओडिशा का त्योहार है। लेकिन अब पूरे देश में श्रद्धालु प्रेमपूर्वक भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बलरामजी की रथ-यात्रा निकालते हैं।



### हिंदू धर्म में विशेष महत्व

हिंदू धर्म में भगवान जगन्नाथ, श्रीकृष्ण के एक रूप माने जाते हैं और भगवान विष्णु के अवतारों में श्रीकृष्ण को पूर्णावतार माना जाता है। इसलिए उनकी यात्रा को भी श्रद्धालुओं द्वारा अत्यधिक आदर और भक्ति के साथ पर्व के रूप में मनाया जाता है। रथ- यात्रा की परंपरा सदियों पुरानी है और इसे भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना गया है। इसकी जड़ें इतिहास में गहराई तक फैली हुई हैं, जो इसे विशेष बनाती हैं। जगन्नाथजी की रथ यात्रा ना केवल भारत में बल्कि विश्व भर में प्रसिद्ध है और हर साल देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु इसमें शामिल होने के लिए आते हैं।

### सदियों पुरानी परंपरा

इतिहासकारों की मानें तो रथ-यात्रा की परंपरा, 12वीं सदी में शुरू हुई थी। हालांकि इस बारे में कुछ कथाएं भी प्रचलित हैं। एक कथा के अनुसार, जब राजा इंद्रद्युम्न ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्राजी की मूर्तियां बनवाईं तो रानी गुंडिचा ने मूर्तियां बनाते हुए मूर्तिकार विश्वकर्मा और मूर्तियों को देख लिया, जिस वजह से मूर्तियां अधूरी ही रह गईं। तब आकाशवाणी हुई कि भगवान इसी रूप में स्थापित होना चाहते हैं। इसके बाद राजा ने इन्हीं अधूरी मूर्तियों को मंदिर में स्थापित करवा दिया। उस वक्त आकाशवाणी हुई कि भगवान जगन्नाथ साल में एक बार अपनी जन्मभूमि मथुरा जरूर आएंगे। स्कंद पुराण के उत्कल खंड के अनुसार राजा इंद्रद्युम्न ने आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के दिन प्रभु के उनकी जन्मभूमि जाने की व्यवस्था की। तभी से यह परंपरा रथ-यात्रा के रूप में चली आ रही है।

इस यात्रा से संबंधित दूसरी कहानी देवी सुभद्रा से जुड़ी है। पद्म पुराण के अनुसार, एक बार भगवान जगन्नाथ की बहन सुभद्रा ने अपने प्रिय भाई से नगर देखने की इच्छा जताई। तब जगन्नाथ जी ने अपने बड़े भाई बलभद्र और लाडली छोटी बहन सुभद्रा को रथ पर बैठाया और नगर दिखाने के लिए निकल पड़े। यह घटना आषाढ़ के दिनों की है। इसी भ्रमण के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्रजी और सुभद्राजी अपनी मौसी के घर गुंडिचा भी गए थे। अपनी मौसी के घर इन तीनों ने सात दिनों तक ठहर कर विश्राम किया था। उसी मान्यता के अनुसार आज भी यह यात्रा सात दिन बाद तीनों के वापस जगन्नाथ मंदिर में आने के बाद ही समाप्त होती है।

### यात्रा के विभिन्न चरण

यह संपूर्ण यात्रा, रथयात्रा, गुंडिया यात्रा और निलाद्री विजय यात्रा के तीन अवस्थाओं में विभाजित होती है। इस यात्रा के लिए तीन विशाल रथ तैयार किए जाते हैं, जिन्हें लकड़ी से बनाया जाता है। ये रथ अत्यधिक भव्यता से सजाए जाते हैं और इन्हें खींचने के लिए हजारों भक्त एकत्रित होते हैं। 'नंदिघोष' नामक रथ पर भगवान जगन्नाथ विराजमान होते हैं। तालध्वज नामक रथ पर बलभद्र जी और देवदलन नामक रथ पर सुभद्रा जी विराजमान होती हैं। इस यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और उनकी बहन सुभद्रा को मंदिर से एक मार्ग द्वारा पुरी के गुंडिचा मंदिर तक ले जाया जाता है। यह यात्रा की प्रारंभिक अवस्था होती है, जिसमें भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्राजी को उनके विशेष रथों में स्थानांतरित किया जाता है। यह रथ-यात्रा भरपूर धार्मिक उत्साह के साथ संपन्न की जाती है। इसमें हजारों लोग भाग लेते हैं, जो रथ को खींचते हैं और उसे पुरी नगर तक ले जाते हैं।

दूसरी अवस्था गुंडिया यात्रा की होती है, जिसमें भगवान जगन्नाथ अपने भक्तों के दर्शन के लिए एक विशेष गुंडीया में वापस लाए जाते हैं। इसमें उनकी विशिष्ट पूजा-अर्चना की जाती है। उनके दर्शन करने के लिए भक्तों का एक खास आयोजन होता है।

तीसरी और अंतिम अवस्था निलाद्री विजय यात्रा या बहुदा यात्रा होती है, जिसमें भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्राजी को जगन्नाथ मंदिर में वापस ले जाया जाता है। इस अवस्था में विभिन्न पूजा-अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और भक्तों को भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### जुड़ी हैं कई मान्यताएं

भक्ति, प्रेम और उपासना के साथ-साथ इस रथ-यात्रा के अन्य महत्त्व भी हैं। मान्यता है कि जो भी भक्त भगवान जगन्नाथ की रथ-यात्रा में शामिल होता है, उसके जीवन में सभी दुख-दर्द खत्म हो जाते हैं। साथ ही भूल से हुए अपराधों के लिए भक्त क्षमा मांगकर अपने जीवन का नया अध्याय भी शुरू करते हैं। भगवान जगन्नाथ के दर्शन के बाद भक्तों को सुख-शांति के साथ अपना जीवन जीने के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है। माना जाता है कि जो लोग भी सच्चे भाव से इस यात्रा में शामिल होते हैं, उनकी सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस यात्रा के दर्शन मात्र से ही व्यक्ति के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। इस रथ-यात्रा में शामिल होने का पुण्य सौ यज्ञों के बराबर माना जाता है। *



{ सेल्फ इंप्रूवमेंट / शिखर चंद जैन }

उतार-चढ़ाव भरी जिंदगी में हम कई बार अपने कुछ प्रयासों में नाकामयाब हो जाते हैं। ऐसे में निराश होने, मन में नकारात्मक भाव लाने और हार मानने की बजाय कुछ सकारात्मक सोचें और आगे बढ़ें तो सफल जरूर होंगे।

## नाकामी से ना हों निराश

# सीखें कुछ सकारात्मक

हालांकि हममें से अधिकतर लोग बुरे वक्त और असफलता से बचना चाहते हैं। लेकिन देखा जाए तो इसमें भी ऐसे महत्वपूर्ण सबक होते हैं, जो ना सिर्फ ताउम्र याद रहते हैं बल्कि जीवन के लिए बेहद उपयोगी भी साबित होते हैं। इसलिए नाकामयाबी को भी एक संदेश की तरह स्वीकार करें।

**सुधार का अवसर मानें:** कोई नहीं जानता कि कब नाकामी का सामना करना पड़ेगा। लेकिन नाकामी को अपनी गलतियां पहचानने और उन्हें दूर करके अपनी कार्यशैली या आदतों में सुधार का अवसर समझें। समझदार लोग विफलताओं से ज्ञान हासिल करते हैं और इस ज्ञान को सफलता हासिल करने में इस्तेमाल करते हैं। याद रखें, हर नाकामी आपको एक नया अनुभव और सबक देती है, जो आपको अधिक ताकतवर और समझदार बनाते हैं।



**गलतियां दोहराने से बचें:** आप जब भी किसी लक्ष्य को हासिल करने में नाकामयाब हों तो उसे हासिल करने के प्रयासों का शुरू से लेकर आखिर तक पूरा आकलन करें। एक बार जब आप आत्मसमीक्षा करने और अपनी गलतियों को पहचानने में कामयाब हो जाएंगे तो आप भविष्य में उन गलतियों को दोहराने से बच सकेंगे।

**नाकामी जीवन का हिस्सा:** इस दुनिया में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जो कभी असफल नहीं हुआ होगा। दुनिया के सफलतम और सबसे प्रतिभाशाली लोगों ने भी अपने जीवन में कई बार विफलताओं का सामना किया है। हर असफलता के बाद आपको भी यह ध्यान रखना है कि यह जीवन का एक हिस्सा है और अब आपको विराम नहीं बल्कि दोबारा नए सिरे से कोशिश करनी है।

**लक्ष्य की राह में मील का पत्थर:** जब आप नाकामी के प्रति अपना नजरिया बदल लेते हैं और इसे दिल पर लेना छोड़ देते हैं तो विफलताएं आपकी राह में मील का पत्थर साबित होने लगती हैं। 'फीलिंग फॉरवर्ड' नामक चर्चित पुस्तक में जॉन सी मैक्सवेल ने यही लिखा है, 'जब आप ऐसा समझ लेते हैं तो अधिक उत्साह से अवसरों का सामना करते हैं और हार का डर आपके दिमाग से निकल जाता है। आप अपने सारे प्रयास समझ-बूझकर करते हैं और सफलता ज्यादा आसान हो जाती है।'

**खुद पर भरोसा रखें:** यह एक सामान्य सी बात है कि गलती या नाकामी की स्थिति में आपको अपने परिजनों, बॉस या सहकर्मियों से कुछ ताने सुनने पड़ सकते हैं। लेकिन ऐसे में खुद को अपमानित महसूस करना या दूसरों को दोष देना सही नहीं है। इससे पहले कि आपकी भावनाएं आप पर हावी हों, धैर्यपूर्वक सोचें कि आखिर आप चाहते क्या हैं? सबसे बड़ी बात यह है कि आप खुद पर भरोसा करें कि आप चाहेंगे तो इसे जरूर कर लेंगे, बस आपका काम बन जाएगा।

**बहाने ना बनाएं:** कामयाब ना होने के पीछे सबसे बड़ी प्रवृत्ति है बहाने बनाना। कई लोग एक-दो प्रयासों में असफल होने के बाद बहाने बनाने लगते हैं, 'क्या करें लोग साथ नहीं देते...' या 'हमारी तो किस्मत ही साथ नहीं देती है।' ऐसा ना करें। हम सब जानते हैं कि बिना मेहनत किए हम सफल नहीं हो सकते। यदि आप वाकई सफल होना चाहते हैं तो पूरी शिद्दत से अपने कर्म में जुट जाएं और तब तक जुटे रहें जब तक कि आप कामयाब ना हो जाएं। *

जैसे दुनिया में खाने-पीने के शौकीनों की कमी नहीं है, वैसे ही एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट और कीमती व्यंजनों की दुनिया भर में उपलब्ध हैं। इनमें से कुछ की कीमत जानकर आप हैरान रह जाएंगे। कुछ ऐसे ही महंगे फूड-आइटम्स पर एक नजर।

# सोने-चांदी की तरह महंगे हैं ये फूड

{ रोचक / अंजू जैन }

अकसर हम महंगाई की चर्चा करते हैं और आटा, तेल, नमक, दाल, सब्जियों जैसी रोजमर्रा के खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने पर चिंता जताते हैं। लेकिन दुनिया के कुछ खास हर्ब्स, फल, सब्जियों और मिठाइयों की कीमत इतनी ज्यादा है कि उनके बारे में जानकर आप चौंक जाएंगे। ऐसे ही कुछ फूड आइटम्स पर एक नजर-



**व्हाइट अल्बा ट्रफल:** यह गुंथे हुए आटे या कुछ-कुछ अदरक जैसी दिखती है। यह एक प्रकार की फंगस (कवक) है, जो दुनिया की सबसे महंगी हर्ब मानी जाती है। यह दक्षिणी यूरोप और उत्तरी अफ्रीका में पाई जाती है। इसका रंग क्रीम वाइट या लाइट पिंक होता है। इसका स्वाद ताजे अदरक और चीज जैसा लगता है। इसकी गंध और स्वाद दोनों तीखे होते हैं। इसे उगाना बहुत कठिन होता है और यह बहुत जल्दी खराब भी हो जाती है, इसीलिए यह इतनी महंगी होती है। इसकी कीमत प्रति किलो एक करोड़ रुपए तक हो सकती है।

**मात्सुके मशरूम:** यूं तो दुनिया में कई तरह के मशरूम पाए जाते हैं, लेकिन मात्सुके मशरूम इनसे बिल्कुल अलग होता है। इसकी कीमत प्रति किलो 80 हजार रुपए तक हो सकती है। यह मशरूम जापान के अलावा यूरेशिया और उत्तरी अमेरिका के देशों में ज्यादा पाया जाता है। इसे जापानी लोग खूब पसंद करते हैं। इनसे बनने वाले व्यंजन गाढ़े, रेशेदार और स्पाइसी होते हैं।





### सोने की मिठाई

यूएई का दुबई शहर ऐश्वर्य, वैभव और विलासिता के लिए जाना जाता है। यहां शानदार होटल से लेकर लाजवाब फूड्स तक हर वो चीज मौजूद है, जो आपको हैरानी में डाल सकती है। आपको जानकर हैरानी होगी कि दुबई के एक रेस्टोरेंट में सोने की मिठाई परोसी जाती है। दुबई के रेस्टोरेंट 'जो जू' में स्वीट डिश सोने की एक परत के साथ सर्व की जाती है। इस रॉयल मिठाई की चर्चा पूरी दुनिया में है। इस सोने की मिठाई की कीमत प्रति पीस करीब 25 डॉलर यानी इंडियन करेंसी में 2 हजार रुपए से कुछ अधिक होती है।



**कोपी लूवक:** यह दुनिया की सबसे महंगी कॉफी है। इसे सिर्फ इंडोनेशिया में ही उगाया जाता है। कॉफी के शौकीन टूरिस्ट, इस कॉफी को टेस्ट करने के लिए खासतौर पर इंडोनेशिया आते हैं। लेकिन इसका स्वाद वही चख सकता है, जो शौकीन होने के साथ-साथ अमीर भी हो, क्योंकि इसके एक पौंड यानी लगभग 450 ग्राम की कीमत होती है लगभग 1 लाख 25 हजार रुपए।



**जापानी काला तरबूज:** गर्मी के मौसम में आम और खरबूजे के साथ-साथ सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला फल तरबूज होता है। आमतौर पर आप तरबूज 30 से 50 रुपए प्रति किलो के हिसाब से खरीदते होंगे। लेकिन हम कहें कि एक ऐसा भी तरबूज होता है जिसकी कीमत 45 लाख रुपए प्रति किलो है, तो आप शायद यकीन नहीं करेंगे। जी हां, यह अनोखा काला तरबूज, सिर्फ जापान में ही उगाया जाता है। चूंकि इसका उत्पादन बहुत कम होता है, इसलिए इसकी कीमत इतनी ज्यादा होती है।



**मूस चीज:** यह एक खास प्रकार का चीज है, जो स्वीडन में मिलता है। गधी के दूध से बनने वाला मूस चीज, दुनिया के सबसे महंगे फूड आइटम्स की सूची में शामिल है। इसे मई से सितंबर के बीच में तैयार किया जाता है। इसके शौकीन लोग प्रति किलो 90 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक की कीमत चुका कर भी इसका स्वाद लेने से पीछे नहीं हटते। *



'कॉमेडी क्वीन' के नाम से मशहूर भारती सिंह ने अपने टैलेंट, मेहनत और लगन के बल पर टीवी इंडस्ट्री में एक खास मुकाम हासिल किया है। इन दिनों वह कलर्स चैनल पर टेलीकास्ट हो रहे कॉमेडी शो 'लाफ्टर शेफ्स' होस्ट कर रही हैं। इस शो, अपनी अब तक की प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ से जुड़ी बेबाक बातचीत भारती सिंह से।

# मैंने अपनी कमजोरी को अपनी ताकत बनाया: भारती सिंह

{ खास मुलाकात / आरती सक्सेना }

पचासी किलो वजन और पांच फीट हाइट के साथ पंजाब से आईं गोल-मटोल भारती सिंह ने कभी भी नहीं सोचा था कि उनका हैवी वेट, जो उनकी कमजोरी है, वही उनकी ताकत बन जाएगा। अपना ही मजाक उड़ाकर सबको हंसाने वाली भारती सिंह आज, टेलीविजन इंडस्ट्री और ग्लैमर वर्ल्ड का जाना-माना नाम हैं। टीवी शोज के अलावा भारती कुछ फिल्मों में भी नजर आई हैं। इन दिनों कलर्स पर प्रसारित हो रहे शो 'लाफ्टर शेफ्स' को लेकर **भारती सिंह** चर्चा में हैं। पेश है, उनसे हुई बातचीत के प्रमुख अंश-

**कलर्स के कॉमेडी शो 'लाफ्टर शेफ्स' में आप बतौर एंकर कितना एंज्वॉय कर रही हैं? इस शो को लेकर आपके कैसे एक्सपीरियंस हैं?**

बहुत ही मजेदार एक्सपीरियंस हैं। मैं यह शो बहुत एंज्वॉय कर रही हूं। एक्चुअली, इस शो में मेरे दो फेवरेट काम हैं- खाना और हंसना। मुझे लगता है, मैं बहुत लकी हूं कि मुझे अपने दोनों पसंदीदा काम करने का मौका मिल रहा है। साथ में उस काम का पैसा भी मिल रहा है।

**इस शो में एंकरिंग के दौरान क्या खास सीखने को मिला?**



'लाफ्टर शेफ्स' शो जज एवं कंटेस्टेंट्स के साथ भारती

इस शो में मुझे तरह-तरह की वैरायटी वाला खाना बनाने का ज्ञान प्राप्त हो रहा है। वैसे तो मुझे सिर्फ देसी खाना ज्यादा अच्छा बनाना आता है, लेकिन इस शो में मुझे कई तरह की डिशेज सीखने का मौका मिला, जैसे-नूडल्स, केक, बर्गर एक्सेक्ट्रा। हर्ष (पति) और गोला (बेटा) दोनों ही खाने के शौकीन हैं। इसलिए इस शो से सीखकर मैं अपने ही हाथ से उनको अलग-अलग वैरायटीज के पकवान बनाकर खिला पाऊंगी।

**'लाफ्टर शेफ्स' शो के जज हरपाल सिंह के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

बहुत ही अच्छा। हरपालजी अच्छे शेफ होने के साथ-साथ एक अच्छे, खुश-मिजाज इंसान भी हैं। हम दोनों मिलकर कंटेस्टेंट्स की एक्टिविटीज का बहुत मजा लेते हैं। हरपालजी को कृष्णा, कश्मीरा, सुदेश की मस्तियां देखकर बहुत ज्यादा मजा आता है।

**आज आपने स्टैंड-अप कॉमेडियन और एंकर के रूप में टीवी इंडस्ट्री में जो स्थान बनाया है, वह कितना ईजी और टफ रहा?**

आसान पहले भी नहीं था और आसान आज भी नहीं है। जिन हालातों में मैंने अपना करियर शुरू किया था, उस दौरान मेरा लोगों के बीच अपनी पहचान बनाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन-सा था। एक तो मेरा वजन ज्यादा था, कद भी छोटा था और मेरे पास किसी की कोई बैकिंग भी नहीं थी। बस इतना ही था कि मुझे अपनी काबिलियत पर भरोसा था। शुरुआत में मुश्किलें तो खूब आईं, लेकिन हजार कठिनाइयों के बावजूद मैंने कभी हार नहीं मानी। मैंने अपनी ही कमजोरी को अपनी ताकत बनाया, अपने मोटापे का मजाक उड़ाकर मैंने सबको खूब हंसाया। इसीलिए आज मैं यहां हूं। मैंने जो नाम, शोहरत और पैसा कमाया है, उसको बरकरार रखने के लिए भी बहुत ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है।

**आप टीवी पर पहले से ही बहुत व्यस्त थीं, बावजूद उसके आपने यू-ट्यूब चैनल भी शुरू किया। क्या इसके पीछे की वजह और ज्यादा पैसा कमाना है?**

यू-ट्यूब से जुड़ने के पीछे एक वजह लॉक डाउन के बाद टीवी इंडस्ट्री की आर्थिक स्थिति खराब होना भी रही। पहले अपने शोज में मुझे जितने पैसे मिलते थे, आज उसके आधे मिलते हैं। मेकर्स के पास आज इतना बजट ही नहीं है कि वे हमको ज्यादा पैसे दे सकें। यू-ट्यूब चैनल में अच्छी कमाई हो जाती है। साथ ही यह अपने फैंस के साथ लगातार जुड़े रहने का एक अच्छा माध्यम भी है। यही वजह है कि हमने यू-ट्यूब पर 'भारती टीवी पॉडकास्ट', 'एल-ओ-एल (लाइफ ऑफ लिंबाचिया)' और खुद का ब्लॉग भी शुरू किया, जो बहुत ही मजेदार है।

**फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारों के साथ आपकी अच्छी ट्यूनिंग नजर आती है। सलमान, शाहरुख से लेकर अक्षय कुमार, रणबीर कपूर तक आप सभी हीरोज के साथ मस्ती-मजाक और फ्लर्ट करती नजर आती हैं। ऐसे में आपके पति हर्ष का क्या रिएक्शन होता है?**

मैं जो भी करती हूं, उसमें हर्ष की सहमति होती है (हंसते हुए)। हर्ष पर्सनली खुद भी बहुत मस्ती-खोर है। दरअसल उसकी लिखी हुई स्क्रिप्ट पर ही मैं एक्ट करती हूं। ये एक्टर्स और हर्ष दोनों ही जानते हैं कि मेरा हीरोज के साथ रोमांस और फ्लर्ट करना सिर्फ दर्शकों के मनोरंजन के लिए होता है। इसलिए बॉलीवुड हीरोज और हर्ष दोनों ही मेरे मस्ती भरे रोमांस को एंज्वॉय करते हैं। *

### मेरा बेटा गोला बहुत बड़ा तूफान है

**भारती सिंह** अपने बेटे गोला से बहुत प्यार करती हैं। ऐसी भी चर्चा है कि वे दूसरे बच्चे की प्लानिंग कर रही हैं। इस बात में कितनी सच्चाई है, पूछने पर भारती कहती हैं, 'अरे नहीं! अभी तो एक ही नहीं संभल रहा मुझसे। एक्चुअली मेरा बेटा गोला बहुत बड़ा तूफान है, उसको पूरा घर मिलकर भी नहीं संभाल पाता। मैं गोला से बहुत प्यार करती हूं। जब कभी शूटिंग की वजह से घर पहुंचने में लेट होता है तो मैं उससे वीडियो कॉल पर बात जरूर करती हूं। फिलहाल तो गोला के साथ ही बिजी हूं, दूसरे बच्चे के बारे में मैं नहीं सोच रही हूं। मुझे दूसरा बच्चा चाहिए, लेकिन अभी नहीं। कुछ समय बाद ही दूसरे बच्चे की प्लानिंग करूंगी।'

